RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 अंक-205 जयपुर, गुरुवार, 22 जनवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र से पहले कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले

## राजस्थान में बनेंगे हवाई जहाज, होंगे चिप डिजाइन

### बिजली शुल्क में 100 फीसदी छूट, शादी के लिए उम्र फिक्स

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अशांत क्षेत्रों में किराएदारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए विधेयक लाने, एयरोस्पेस एवं रक्षा विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में नई नीतियों के अनुमोदन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

बैठक के बाद मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और मंत्री जोगाराम पटेल ने संयुक्त रूप से प्रेस को जानकारी दी और सरकार की नई औद्योगिक व तकनीकी योजनाओं का खाका पेश किया। मंत्रियों ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही राजस्थान एयरोस्पेस और डिफेंस पॉलिसी लागू की जाएगी।

दि राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ ट्रांसफर ऑफ इम्मूवेबल प्रॉपर्टी एंड प्रोविजन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ टेनेंट्स फ्रॉम एविक्शन फ्रॉम प्रिमाइसेज इन डिस्टर्ब्ड एरियाज बिल, 2026' के प्रारूप को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी दी गई। देखा जा रहा है कि राज्य के कई क्षेत्रों में जनसंख्या असंतुलन की स्थिति बनने से सार्वजनिक व्यवस्था, सद्भाव एवं मेलजोल से रहने के सामुदायिक चरित्र पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उस क्षेत्र में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी परिस्थिति में उस क्षेत्र के स्थायी निवासियों को अपनी स्थायी संपत्तियां कम दामों पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है।

इस विधेयक के पारित होने के बाद राज्य में अशांत क्षेत्रों में स्थायी निवासियों की संपत्तियों एवं उक्त संपत्तियों पर किरायेदारों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया जा सकेगा एवं राज्य में सामुदायिक सद्भावना एवं सामाजिक संरचना कायम रखी जा सकेगी। इस विधेयक को अब विधानसभा के आगामी सत्र में रखा जाएगा।

### राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2025

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आज राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2025 का अनुमोदन किया गया। यह नीति प्रदेश में रक्षा तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को प्रोत्साहन देने के साथ ही राजस्थान को एयरोस्पेस और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का महत्वपूर्ण हब बनाने की दिशा में सहायक होगी। इस क्षेत्र में बड़े निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ एमएसएमई, स्टार्टअप्स और नवाचार-आधारित इकोसिस्टम के विकास पर केंद्रित यह नीति आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगी।

### ऊर्जा परियोजनाओं को भूमि आवंटन की स्वीकृति

प्रदेश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बीकानेर जिले की बीकानेर तहसील के ग्राम लाखूसर में 72.06 हेक्टेयर भूमि एवं जैसलमेर जिले की उपनिवेशन तहसील रामगढ़ नं. 2 के ग्राम रामगढ़ उत्तर में 745.41 हेक्टेयर भूमि सशर्त कीमतन आवंटित करने की स्वीकृति मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई।

### राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025

*प्रदेश की पहली राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2025 को आज कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई। यह नीति राज्य को सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजाइन, पैकेजिंग तथा संबद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में देश का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति का प्रमुख उद्देश्य सेमीकंडक्टर और सेंसर्स के क्षेत्रों में एंकर निवेश को आकर्षित करना, विश्व-स्तरीय सेमीकंडक्टर पार्कों का विकास करना तथा फैबलेस डिजाइन पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है। इसके साथ ही सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी एवं कौशल संवर्धन, रिसर्च एवं डेवलपमेंट तथा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर को भी इस नीति के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा।*

### राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971 में संशोधन

राजस्थान सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1971 में किसी भी प्रकार से बाल विवाह में भाग लेने, उसकी संविदा करने अथवा स्वयं बाल विवाह करने वाले सरकारी कर्मचारी को अनुशासनिक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है। उक्त नियम में बाल विवाह का अर्थ अब बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 2006 के अनुरूप माना जाएगा। इस अधिनियम में बालक की परिभाषा 21 वर्ष से कम आयु के पुरुष तथा 18 वर्ष से कम आयु की महिला के रूप में निर्धारित की गई है।

### 23 जनवरी से आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति ऋङ्क्ष के कल्याण के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार जल्द ही 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट, GRAM 2026' का आयोजन करने जा रही है। इसके बारे में भी आज मंत्रिपरिषद में चर्चा की गई। ग्राम के इस महत्वपूर्ण आयोजन में किसानों और पशुपालकों की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के क्रम में प्रदेश के प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर 23 जनवरी से ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## भारत ने न्यूजीलैंड को 48 रन से पहला टी-20 हराया



### अभिषेक ने 84 रन बनाए, चक्रवर्ती-दुबे को 2-2 विकेट

नागपुर

भारत ने न्यूजीलैंड को पहले टी-20 में 48 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। बुधवार को नागपुर में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 238 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 190 रन ही बना सकी। अभिषेक शर्मा ने 84 रन बनाए, वहीं वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले। VCA स्टेडियम में भारत से रिंकू सिंह ने 44, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 और हार्दिक पंड्या ने 25 रन बनाए। अर्शदीप सिंह, हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला। न्यूजीलैंड से जैकब डफी और काइल जैमिसन ने 2-2 विकेट लिए। बैटिंग में टीम से मार्क चापमन ने 39 रन बनाए। दूसरा टी-20 रायपुर में 23 जनवरी को खेला जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- कोई भी शक्ति अनियंत्रित नहीं हो सकती

### एसआईआर के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, 7 दस्तावेज तय तो 11 क्यों मांग रहे

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची में संशोधन के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, खासकर उन लोगों के लिए जिनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होते। कोर्ट ने कहा 'कोई भी शक्ति अनियंत्रित नहीं हो सकती।' चीफ जस्टिस (CJI) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बैंच बिहार समेत विभिन्न राज्यों में स्ङ्कक्र की प्रक्रिया के विरोध में लगाई गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने दलीलें रखीं।


जस्टिस बागची ने दस्तावेजों की सूची का जिक्र करते हुए कहा कि जहां फॉर्म-6 में 7 दस्तावेज तय हैं, वहीं SIR प्रक्रिया में 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या आयोग मनमाने ढंग से दस्तावेज जोड़-घटा सकता है। मामले की आगे की सुनवाई गुरुवार को होगी।

अगर वोटर लिस्ट से किसी का नाम कटता है, तो उसके गंभीर नागरिक नतीजे होते हैं। ऐसे मामलों में प्रक्रिया नियमों के मुताबिक क्यों न हो?

## अरावली में अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट

### चार हफ्ते में हाई पावर कमेटी के सदस्यों के नाम दें

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अवैध खनन से अपूरणीय क्षति हो सकती है, इसलिए वह अरावली में खनन और संबंधित मुद्दों की व्यापक एवं समग्र जांच के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक समिति गठित करेगा। यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया।

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज बेंच के सामने मौजूद थे। पहाड़ियों के बारे में, सीनियर वकील राजू रामचंद्रन ने बेंच के सामने दलील दी कि अलग-अलग जगहों पर गैर-कानूनी माइनिंग हो रही है, पेड़ काटे जा रहे हैं, और इसे रोका जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, गैर-कानूनी माइनिंग पूरी तरह से एक जुर्म है। अवैध खनन से ऐसा नुकसान होता है कि, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती और इसके भयानक नतीजे होते हैं।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि, कोर्ट के निर्देशों का ध्यान से पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि, कुछ लोग ऐसे हैं जो गैर-कानूनू माइनिंग में बुरी तरह से शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे को सुलझाने के लिए अपनी मशीनरी लगाए। राजस्थान सरकार की तरफ से पेश हुए नटराज, सीजेआई सूर्यकांत की बात से सहमत थे और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे यह पक्का करने के लिए हर मुमकिन कदम उठाएंगे कि कोई गैर-कानूनी माइनिंग न हो। सीजेआई ने कहा कि अवैध खनन एक पूर्ण अपराध है और किसी को भी इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

बेंच ने वकीलों से इस मामले में नई रिट याचिकाएं दायर करने से बचने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा कि, अदालत जानती है कि ये रिट याचिकाएं क्यों दायर की जा रही हैं।

## पश्चिम विक्षोभ के असर से प्रदेश में आज से शुरू होगा बारिश-ओलावृष्टि का दौर

जयपुर

प्रदेश में सक्रिय मजबूत पश्चिम विक्षोभ का असर गुरुवार से देखने को मिलेगा। इसके असर से गुरुवार को जोधपुर, बीकानेर और शेखावाटी इलाके में मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि, बिजली गिरने व हल्की बारिश की संभावना है। प्रदेश के 16 शहरों का रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 4.9 डिग्री के साथ फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही।

मौसम विभाग के अनुसार कोटा, अजमेर, वनस्थली, पिलानी, सीकर, चित्तौडग़ढ़, डबोक, माउंट आबू, चूरू, श्रीगंगानगर, नागौर, बारां, करौली, लूणकरणसर, झुंझुनूं और पाली का रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। राज्य में बुधवार के मौसम शुष्क रहा। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम कोहरा दर्ज किया गया। 29.6 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 13.2 डिग्री के साथ जैसलमेर की रात सबसे गर्म रही।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के कुछ भागों में 22 से 24 जनवरी के दौरान एक नया मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने व मावठ होने की प्रबल संभावना है। एक और बैक टू बैक पश्चिमी विक्षोभ 26 से 28 जनवरी के दौरान प्रभावी होने की संभावना है। 22 जनवरी को जोधपुर, बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना है।

## हाईकोर्ट ने मुख्य-सचिव और प्रमुख शिक्षा सचिव को किया तलब

### कहा-मिड-सेशन में किस पॉलिसी के तहत ट्रांसफर कर रहे हो

जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने शैक्षणिक सत्र के बीच में बड़े पैमाने पर अध्यापकों के ट्रांसफर करने पर हैरानी जताई है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने इसे लेकर सरकार से पूछा है कि वह किस पॉलिसी के तहत मिड-सेशन में इतनी बड़ी संख्या में ट्रांसफर कर रही हैं।

अदालत ने इसका स्पष्टीकरण देने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और प्रमुख शिक्षा सचिव (शासन सचिव, स्कूल शिक्षा) कृष्ण कुणाल को 23 जनवरी को हाईकोर्ट में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

बैंच ने यह आदेश मैना गढ़वाल,महेश कुमार और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इनके एडवोकेट संदीप कलवानियां ने बताया कि सरकारी स्कूलों में 1 जुलाई से ट्रांसफर शुरू होते हैं। सरकार ने 3 अगस्त से लेकर अब तक करीब 12 हजार से ज्यादा वरिष्ठ अध्यापक, स्कूल व्याख्याता और प्रिंसिपल के ट्रांसफर कर दिए।

हमने कोर्ट को बताया कि प्रदेश में ट्रांसफर बैन हैं, लेकिन सरकार बिना पॉलिसी के सरकार से विशेष परमिशन लेकर बड़े पैमाने पर ट्रांसफर कर रही है। वहीं 12 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ऐसे में इतने बड़े पैमाने में ट्रांसफर होने से टीचर्स के साथ स्कूलों के विद्यार्थियों पर भी विपरीत असर पड़ रहा हैं। उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

## सरकारी कंपनी में मिला प्रतिबंधित खेजड़ी की लकड़ियों का स्टॉक

नागौर

केंद्र सरकार के उपक्रम 'सांभर साल्ट लिमिटेड' (SSL) में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है।

कंपनी की डीडवाना-कुचामन के नावां स्थित रिफाइनरी पर बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने छापा मारा तो परिसर में अवैध रूप से खेजड़ी की गीली लकड़ी का बड़ा स्टॉक मिला। जबकि खेजड़ी राजस्थान का संरक्षित राज्य वृक्ष है, जिसकी कटाई और व्यवसायिक उपयोग पर कड़ा प्रतिबंध है।

मामले में नावां तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल ने पूरी खेप को जब्त करने के आदेश दिए है। साथ ही सांभर साल्ट लिमिटेड को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बुधवार को नावां तहसीलदार रामेश्वर गढ़वाल के नेतृत्व में राजस्व टीम ने कंपनी परिसर में औचक छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित की गई खेजड़ी की गीली लकड़ी जब्त की। एक सरकारी महकमे द्वारा ही राज्य वृक्ष के संरक्षण नियमों के उल्लंघन की इस कार्रवाई ने प्रशासनिक हलकों में चर्चा छेड़ दी है।

## ब्रेक फेल होने से बेकाबू ओवरलोड जीप 60 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत, 17 घायल

उदयपुर



जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां 27 सवारियों से भरी एक ओवरलोड जीप अनियंत्रित होकर करीब 60 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना डिंगावरी गांव के पास उस समय हुई, जब जीप बिलवन से कोटड़ा की ओर जा रही थी। चढ़ाई के दौरान अचानक जीप के ब्रेक फेल हो गए। चालक ने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन ओवरलोड होने के कारण जीप सड़क से फिसलते हुए सीधे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

सभी घायलों को कोटड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल सात लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रैफर किया गया है।

## आरोपियों की फोटो-वीडियो पुलिस नहीं करेगी जारी: हाईकोर्ट

जयपुर

राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से एक आदेश बुधवार रात जारी किया गया। इसमें आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद फोटो, वीडियो जारी नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश ADG हवा सिंह ने जारी किया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की निजता, सम्मान और मानवीय गरिमा को लेकर राजस्थान पुलिस ने सख्त मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। यह SOP राजस्थान हाईकोर्ट (जोधपुर) ने 20 जनवरी को पारित आदेश की पालना में लागू की गई है।

क्राइम शाखा के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस डॉ. हवा सिंह घुमरिया ने निर्देशों में स्पष्ट किया है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा, सम्मान और निजता के साथ जीवन जीने का अधिकार है। आरोपी केवल आरोपित होता है, दोषी नहीं और गिरफ्तारी के बाद भी उसकी मानवीय गरिमा समाप्त नहीं होती है।

स्ह्रक्क के अनुसार, किसी भी गिरफ्तार आरोपी को सार्वजनिक रूप से अपमानित नहीं किया जाएगा। न ही उसे अपराधी की तरह प्रदर्शित किया जाएगा। आरोपी को इस प्रकार प्रस्तुत नहीं किया जाएगा, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा या निजता को ठेस पहुंचे। गिरफ्तारी के समय या बाद में आरोपी का फोटो या वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, पुलिस के आधिकारिक या अनौपचारिक प्लेटफॉर्म और मीडिया या प्रेस पर अपलोड अथवा साझा नहीं किया जाएगा।

ग्रीनलैंड पर नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, यूरोप पर टैरिफ लगाने का फैसला किया रद्द

## ग्रीनलैंड चाहिए, लेकिन ताकत इस्तेमाल नहीं करेंगे

दावोस




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के प्लान को दुनिया के सामने सही ठहराया है। उन्होंने बुधवार को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा अमेरिका के अलावा कोई और देश नहीं कर सकता।

हालांकि पहली बार ट्रम्प ने यह कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए अमेरिका ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा। इस पर कब्जे का विरोध करने के लिए उन्होंने डेनमार्क को अहसान फरामोश कहा।

उन्होंने शिकायती लहजे में कहा कि वे बस एक बर्फ का टुकड़ा चाहते हैं जिसे यूरोप देने को तैयार नहीं है। अमेरिका इसे हमेशा याद रखेगा। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है।

ट्रम्प ने फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की भी आलोचना की। उन्होंने सोमालिया के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि वे 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' हैं।

### भारत के साथ अच्छी डील होगी

भाषण के बाद ट्रम्प ने इंडियन मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी की तारीफ की और उन्हें अपना दोस्त बताया। ट्रम्प ने यह भी कहा कि भारत और अमेरिका में जल्द एक अच्छा व्यापार समझौता होने वाला है।

भारत के साथ एक मजबूत व्यापार समझौता को लेकर भरोसा जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार नेता बताया। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। यह बयान उन्होंने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में अपने विशेष संबोधन के दौरान दिया। यह पहली बार नहीं जब ट्रंप की ओर से यह दावा किया गया है।

अमेरिका के अलावा कोई भी देश ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता। दूसरे विश्व युद्ध में जब जर्मनी ने डेनमार्क पर कब्जा किया था, तब अमेरिका ने ही ग्रीनलैंड की सुरक्षा की थी। अमेरिका ने ग्रीनलैंड डेनमार्क को वापस कर दिया, यह अमेरिका की बड़ी गलती थी।

## प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश

### शहर के बीचों-बीच हवा में डगमगाया, तालाब में गिरा



प्रयागराज

प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं।

विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया, 'माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया।' उन्होंने बताया,'दोनों पायलटों ने सुझबूझ दिखाते हुए एयरक्राफ्ट को सुनसान इलाके में उतारा, जिससे आम लोगों की जान-माल को नुकसान नहीं हुआ। हादसे की वजह पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है। हादसा बुधवार दोपहर 12 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ।

## कोहरे के कारण दर्जनों ट्रेनें लेट, यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने जारी की सूची

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोहरे के कारण उत्तर भारत में करीब 99 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली की ओर आ रही हैं। कई ट्रेनें छह से सात घंटे तक देरी से चल रही हैं। इनमें बरौनी नई दिल्ली, दरभंगा नई दिल्ली जैसी क्लोन ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे ने देरी से चल रही ट्रेनों की सूची जारी की है। यात्री घर से निकलने से पहले सूची देखें और परेशानी से बचें। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के मुताबिक कोहरे की वजह से ट्रेनें प्रभावित हो रही हैं। उत्तर भारत में कई जगह घना कोहरा छाया होने की वजह से विजीबिलिटी बहुत कम है। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है। देरी से चलने वाली ट्रेनों में 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12301 हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12313 सियालदाह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, 12259 सियालदाह-बीकानेर दूरंतो एक्सप्रेस, 12225 कैफियत एक्सप्रेस, 12309 राजेंद्रनगर टर्मिनल-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, 54044 हिसार-जींद पैसेंजर, 12367 विक्रमशिला एक्सप्रेस (भागलपुर से आनंद विहार टर्मिनल तक), 64111 शकूरबस्ती-खुर्जा मेमू, 22437 प्रयागराज-आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस, 12393 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12559 शिव गंगा एक्सप्रेस, 12435 जयनगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 15565 वैशाली एक्सप्रेस, 12581 मंडुआडीह-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 64581 हाथरस किला-दिल्ली मेमू, 15705 दिल्ली-कटिहार अमृत भारत एक्सप्रेस, 12877 रांची-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 02563 बरौनी-नई दिल्ली हमसफर स्पेशल, 12349 कोलकाता-भगत की कोठी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 22361 पटना-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस, 12419 गोमती एक्सप्रेस, 12429 लखनऊ-नई दिल्ली राजधानी, 12557 सत्याग्रह एक्सप्रेस, 64567 अलीगढ़-खुर्जा मेमू आदि शामिल हैं, जो कई जोनों जैसे एनसीआर जोन, नार्दन जोन, और ईस्टर्न जोन से चलती हैं और ज्यादातर सुपरफास्ट, राजधानी, हमसफर, दूरंतो या एक्सप्रेस कैटेगरी की हैं, जबकि कुछ मेमू और पैसेंजर ट्रेनें भी हैं।

## बेंगलुरु में 25 वर्षों के बाद नगर निकाय चुनाव बैलट पेपर से

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में 25 वर्षों के बाद नगर निकाय चुनाव बैलट पेपर से होने है। कर्नाटक राज्य चुनाव आयोग ने ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी (जीबीए) के तहत आने वाले 5 नई नगर निगमों के चुनावों के लिए ईवीएम की बजाय पारंपरिक बैलट पेपर से करने का निर्णय किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जी.एस. संगरेशी ने बताया कि यह फैसला कानूनी रूप से वैध है और सुप्रीम कोर्ट के किसी भी आदेश का उल्लंघन नहीं करता। पिछली बार बेंगलुरु में बैलट पेपर का इस्तेमाल 2000 में हुआ था, उसके बाद ईवीएम का प्रयोग होता रहा। चुनाव 25 मई के बाद और 30 जून से पहले संपन्न कराए जाएंगे, ताकि 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं पर असर न पड़े। इस चुनाव में करीब 88.91 लाख मतदाता शामिल हो सकते है। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि इस साल के अंत में होने वाले जिला और तालुक पंचायत चुनाव भी बैलट पेपर से होगा। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और मतदाताओं का विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है। मतगणना में देरी की चिंता नहीं है, क्योंकि पर्याप्त लॉजिस्टिक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। चुनाव एक ही दिन में संपन्न कर परिणाम घोषित करने की योजना है। जीबीए के तहत 5 नगर निगमों सेंट्रल, नॉर्थ, साउथ, ईस्ट और वेस्ट बेंगलुरु में कुल 369 वार्ड हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची 19 जनवरी को जारी की गई, आपत्तियां 20 जनवरी से 3 फरवरी तक दर्ज की जा सकती हैं और अंतिम सूची 16 मार्च को प्रकाशित होगी। यह निर्णय पिछले साल कर्नाटक कैबिनेट की सिफारिश के अनुरूप है और कांग्रेस सरकार ने लागू किया है। पार्टी ने पहले ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। बैलट पेपर वापसी से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और मतदाताओं का भरोसा मजबूत होगा।

## कोकराझार में युवक की हत्या के बाद तनाव...भड़की हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत

कोकराझार (एजेंसी)। पश्चिमी असम के कोकराझार जिले में युवक की हत्या के बाद हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। घटना के बाद भड़की हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि जिले के कई हिस्सों में जनजीवन पूरी तरह ठप है। मृतकों की पहचान सुनील मुर्मू और सिखना ज्वह्वलाओ बिस्मित के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, गौर नगर इलाके में एक सड़क हादसे के बाद दो समूहों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि उग्र भीड़ ने सिखना ज्वह्वलाओ बिस्मित की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सिखना, लोकल ठेकेदार बरोंडा बसुमतारी के दामाद थे, जो क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य से जुड़े हैं। घटना के विरोध में भड़के प्रदर्शन के दौरान सुनील मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी बाद में मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने करीगांव इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हिंसा के दौरान प्रदर्शनकारियों पर दो अस्थायी बिरसा कमांडो फोर्स कैंपों को आग के हवाले करने का आरोप है। इसके अलावा सिदु कान्हू भवन में तोड़फोड़ की गई और कई दुकानों को भी आग लगा दी गई। मौके पर एक स्कॉर्पियो को जला दिया गया। स्थिति को देखकर भारी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षाकर्मी संवेदनशील इलाकों में तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस ने अब तक हत्या और हिंसा के मामलों में 29 लोगों को हिरासत लेकर जांच जारी है।

## राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने का अलर्ट, यूपी में कोहरा और औली में पारा माइनस 8 डिग्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के आने का अलर्ट जारी किया गया है। यहां 5 दिन बाद आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल कई जिले कोहरे की चपेट में हैं, जिसके कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया है। आगरा में ताज महल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस सहित 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमौली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है। मौसम यह पूरा बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के आने से पहले ही होने लगा है। दरअसल, यह पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम है। जैसे ही यह सक्रिय होगा, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी।

# मनरेगा का नाम बदलकर किया गांधी जी का अपमान: राहुल गांधी

**रायबरेली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मनरेगा का नाम बदलने और नयी नीति बनाने को लेकर केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में मनरेगा को लेकर जो सोच थी, उसमें पंचायतों को जिम्मेदारी देने की बात थी और उन्हें आर्थिक रुप से सक्षम बनाना था। उस दौरान दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए न्यूनतम मजदूरी बने और उससे कम कहीं भी किसी को मजदूरी न मिलें। कांग्रेस सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी पावर को 'पावर कांसेप्टेड' करना चाहते हैं। वह पावर को अपने हाथों में लेना चाहते हैं और ब्यूरोक्रेसी के हाथों में देना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मनरेगा का नाम बदलकर उन्होंने गांधी जी का अपमान किया है। उन्होंने गरीब जनता की सुरक्षा को ही हटा दिया है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ''मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान'' की मंगलवार को यहां शुरुआत की। उन्होंने ऊंचाहार विधानसभा के उमरन गांव में सीधे मनरेगा मजदूरों और गांव के लोगों से संवाद किया और केंद्र सरकार पर सियासी हमला बोला। मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल के दौरान राहुल गांधी ने लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा मजदूरों को न तो समय पर काम मिल रहा है और न ही मजदूरी का भुगतान हो पा रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ग्रामीण गरीबों की रोज़ी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नाम बदलने से ज़मीनी हकीकत नहीं बदलती, ज़रूरत इस बात की है कि मजदूरों को काम और समय पर मजदूरी मिले। केंद्र सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि हमारी तीसरी बार की सरकार की जो सोच थी, उसकी जड़ को काटा गया है। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में मनरेगा को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। जो मजदूरी करते हैं उनकी सुरक्षा में लगे हुए हैं। नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि देश का पूरा धन अडानी और अंबानी के पास में चला जाए। हम जनता की रक्षा कर रहे हैं, वहीं नरेंद्र मोदी देश की जनता के रुपये अडानी और अंबानी को देने में लगे हैं।

एक दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश के रायबरेली पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने राजीव गांधी स्टेडियम में युवा खेल अकादमी के रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों के खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। इसके अलावा सांसद राहुल गांधी मंगलवार आनंद नगर स्थित नगर पालिका के अध्यक्ष के घर पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ दिन पहले नगर पालिका अध्यक्ष के बेटी की हुई शादी के बाद परिजनों को आशीर्वाद दिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक



कर पंचायत चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद वो कई कार्यक्रमों में शामिल हुए।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का बयान, जिस दिन तिरंगे में चांद आ गया... उस दिन

### -देश में जातिवाद नहीं राष्ट्रवाद होना चाहिए

बांदा (एजेंसी)। उत्तप्रदेश के बांदा में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐसा बयान दिया है कि सुर्खियों में आ गया। उन्होंने कहा कि जिस दिन तिरंगे में चांद आ गया, उस दिन न शर्मा न वर्मा बचने वाले हैं, न क्षत्रिय, न रैदास वाले बचने वाले है। इतना ही नहीं धीरेंद्र कृष्ण ने कहा कि न तुलसी दास वाले बचने वाले हैं, न अगड़ा बचेगा ना पिछड़ा बचेगा। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बांग्लादेश है। जहां एक-एक विधवा से 40-40 लोगों ने बलात्कार किया है। इसलिए उन्होंने कहा कि जातिवाद नहीं इस संकट से बचाने के लिए देश में राष्ट्रवाद



होना चाहिए। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इस समय वहीं व्यक्ति सफल है, वहीं ताकतवर है, उसी की सत्ता है, वहीं बच सकता है जो एकजुट है। उन्होंने बताया कि मुसलमानों में 72 फिरके हैं, पठान, खान, सिया, सुन्नी मगर उनके मजहब पर बात आती है, लेकिन जब उनके मजहब पर बात आती हैं, तब सिर्फ मुसलमान हैं। हमारे भारत में 9 राज्यों में हिंदुओं की घटती हुई आबादी इसका बात कि सूचक है कि हम हिंदू हैं, मगर हम एक नहीं हो सके। हिंदू विचारधारा वाले लोगों के अलावा किसी भी हिंदू से अगर पूछे, तब वह या अपने को वर्मा बताता है या शर्मा बताता है या फिर पंडित बताता है या अन्य। मगर मेरी सबसे प्रार्थना है कि हमारा परिचय जाति से नहीं हिंदू से होना चाहिए। हिंदुओं को बचाने का एकमात्र यही रास्ता है कि हिंदुओं को अपनी जनसंख्या बढ़ानी चाहिए। जब चच्चे के 30-30 बच्चे हो सकते हैं, तब हिंदुओं के क्यों नहीं? इसलिए हिंदुओं के बेटे 4 यही लगाएंगे बेड़ा पार। 2 बच्चे घर के लिए, 1 बच्चा स्वयं सेवक संघ के लिए व 1 बच्चा हिंदू राष्ट्र के लिए।

## रियासत को तोड़ने वाले बहुत से लोग हैं, वे कभी कामयाब नहीं होंगे

### –नए जिले बनाने की मांग पर महबूबा को फारूक अब्दुल्ला ने दिया जवाब



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर की नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की जम्मू संभाग में नए जिले बनाने की मांग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि रियासत को तोड़ने वाले बहुत से लोग हैं, लेकिन वे कभी कामयाब नहीं होंगे। कोई नया जिला नहीं बनाया जाएगा। फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में कहा कि हम लोग अपने ब्लॉक अध्यक्ष और ब्लॉक सचिवों को सुन रहे हैं। उनकी तकलीफों को सुन रहे हैं और उन्हें किस प्रकार मजबूत किया जाए, इस पर विचार कर रहे हैं।

महबूबा मुफ्ती के नए जिलों की मांग पर उन्होंने कहा कि कोई जिला नहीं बनना चाहिए। पहले से ही बहुत जिले हैं। इन्हें कोई संभाल सके वही बड़ी बात है। इसी बीच फारूक अब्दुल्ला ने पूछा कि वह भी सीएम रहीं हैं और उनके पिता भी सीएम थे, तब उन्होंने क्या किया? उन्होंने कहा कि उंगली उठाना आसान होता है, लेकिन देखना चाहिए कि तीन उंगलियां आपकी तरफ भी इशारा करती हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि डिक्सन प्लान बहुत पुराना था कि डिवाइड करो। चिनाब नदी के उस पार ग्रेटर कश्मीर है, और इसे अलग करो। हिमाचल के परमार साहब थे, जिन्होंने चंबा और कांगड़ा के लोगों से कहा कि आपकी जुबान हिमाचली है, वरना तो बहुत बड़े-बड़े ख्याल थे। रियासत को तोड़ने वाले बहुत से लोग हैं, लेकिन वे कभी कामयाब नहीं होंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू को नासमझ बताते हुए कहा कि हमने कभी ऐसा सोचा नहीं है। हम तो लद्दाख को भी अलग नहीं करना चाहते थे। उससे लद्दाखियों को क्या फायदा मिला? आज तो लद्दाखी भी कहते हैं कि हमें वापस रियासत के साथ जोड़ दो। हमें यूनियन टेरिटरी नहीं चाहिए। उम्मीद है कि एक दिन फिर से लद्दाख वापस आ जाएगा।

# बंगाल में फतह के लिए बीजेपी ने अपने अनुभवी वरिष्ठ नेताओं को जमीन पर उतारा

### भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को रिपोर्ट करने का आदेश

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा अपनी व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है और इसके लिए बीजेपी ने अन्य राज्यों के कई अनुभवी नेताओं को चुनाव की तैयारियों में लगा दिया है। पिछले एक महीने में भाजपा ने अन्य राज्यों के कई अनुभवी वरिष्ठ नेताओं (प्रवासी सदस्य) को बंगाल इकाई में मंडल से लेकर जिला स्तर तक आंतरिक मतभेदों को सुलझाने और चुनाव की तैयारियों का प्रबंधन का काम दिया गया है। इन प्रवासी सदस्यों में उत्तर प्रदेश के मंत्री जेपी एस राठौर, उत्तराखंड के मंत्री धन सिंह रावत, राजस्थान भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सुरेश राणा, हरियाणा भाजपा के महासचिव संजय भाटिया और कर्नाटक के पूर्व मंत्री सी टी रवि शामिल हैं। चूंकि ये नेता मुख्य रूप से हिंदी बोलते हैं, इसलिए उनके साथ स्थानीय नेता भी होते हैं जो जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और लोगों से बातचीत के दौरान मदद करते हैं। बंगाल में तैनाती के बाद से, इन नेताओं ने मंडल, विधानसभा और



जिला इकाइयों में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकें की हैं।

राठौर, जिन्हें 2017 और 2022 के यूपी विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनावों के प्रबंधन का अनुभव है, को बंगाल की 35 विधानसभा सीटों की जबावदेही दी गई हैं। उनके अधीन पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कोंटाई और तामलुक तथा पश्चिमी मेदिनीपुर जिले के घाटाल और मेदिनीपुर शहर आते हैं। वहीं राणा उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर, बारासात और बोंगाँव का काम देख रहे हैं। राणा पश्चिमी यूपी के शामली जिले से हैं और उन्होंने हरियाणा, दिल्ली, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश में पार्टी के चुनावी प्रयासों का नेतृत्व किया है। उनके पास 28 विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी है और हाल ही में उन्होंने संदेशखाली का दौरा किया, जहां 2024 में स्थानीय टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद हुआ था। वहीं भाटिया को आरामबाग उपमंडल और श्रीरामपुर सहित हुगली जिला और हावड़ा शहर सौंपा गया है, जबकि चौधरी को कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, सिलीगुड़ी और उत्तरी बंगाल के अन्य जिलों में पार्टी की तैयारियों की निगरानी का जिम्मा मिला है। ये सभी नेता राज्य के प्रभारी भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को रिपोर्ट करते हैं।

अपने-अपने राज्यों के अनुभव के आधार पर हम राजनीतिक और संगठनात्मक प्रबंधन की देखरेख कर रहे हैं। हम संगठनात्मक अभियानों और कार्यक्रमों का भी ध्यान रख रहे हैं और उन मतदान केंद्रों में अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं जहां हमारी पकड़ कमजोर दिख रही है। हालांकि, हमारा मुख्य ध्यान लोकल पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच मतभेदों को सुलझाने पर ज्यादा है। महीने की शुरुआत में पार्टी के राज्य स्तरीय नेताओं के साथ हुई बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विधानसभा चुनावों से पहले सभी मतभेदों को भुलाने का निर्देश दिया था। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने इस बैठक को राज्य स्तर पर पार्टी के पुराने और नए नेतृत्व के बीच की खाई को पाटने का प्रयास बताया। हालांकि, टीएमसी ने पिछली बार भाजपा को बाहरी लोगों की पार्टी के रूप में पेश करने में सफलता हासिल की थी और इस बार भी वही कहानी दोहरा रही है, इसके बाद भाजपा इसका क्या जवाब देती है, यह देखना बाकी है।

# जब ज्योतिषपीठ के अधिकृत नहीं तो कैसे कर रहे 'शंकराचार्य' शब्द का प्रयोग

### -धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजा नोटिस, 24 घंटे में मांगा जवाब

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज संगम में मौनी अमावस्या पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को रोकने और शिष्यों के साथ मारपीट करने का विवाद बढ़ा ही जा रहा है। संगम में स्नान से इनकार करने और धरने पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने नोटिस भेजा है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए पूछा कि संबंधित व्यक्ति ज्योतिषपीठ के अधिकृत शंकराचार्य नहीं हैं, ऐसे में वे अपने नाम के साथ 'शंकराचार्य' शब्द का प्रयोग किस आधार पर कर रहे हैं? नोटिस में मेला प्रशासन ने 24 घंटे में लिखित जवाब मांगा है। इसमें यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि वे किस वैधानिक या धार्मिक आधार पर स्वयं को शंकराचार्य कहते हैं। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पत्र में सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन ब्रह्मलीन ज्योतिष पीठ के



शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती और स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के लंबित मुकदमे का जिक्र किया गया है। नोटिस प्रयागराज मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। सूत्रों के मुताबिक मेला क्षेत्र में आयोजित हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों और शिविरों को लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क है। सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए सभी धार्मिक आयोजनों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं। किसी भी पद, उपाधि या पहचान का गलत इस्तेमाल प्रशासन के लिए गंभीर विषय माना जा रहा है।

नोटिस के बाद संत के समर्थकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि शंकराचार्य एक परंपरागत धार्मिक पद है और इस पर प्रशासनिक हस्तक्षेप उचित नहीं। समर्थकों का आरोप है कि मेला प्रशासन धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहा है। वहीं, कुछ लोगों का यह भी कहना है कि कोर्ट के आदेशों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है, चाहे वह धार्मिक व्यक्ति ही क्यों न हो। सुप्रीम कोर्ट के प्रार्थना पत्र के उपरोक्त खंड को पूर्णतया स्वीकार करते हुए 14 अक्टूबर 2022 को आदेश दिया गया था। नोटिस में कहा गया है कि इस अपील संख्या की ताजा स्थिति के रूप में कोई अन्य आदेश पारित नहीं हुआ है। ये मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। जब तक सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपील का निस्तारण नहीं कर दिया जाता या कोई अग्रिम आदेश प?ट्टाभिषेक के मामले में पारित नहीं होता, तब तक कोई भी धर्माचार्य ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य के तौर पर सुशोभित नहीं हो सकता है।

# मुंबई मेयर के लिए जादुई आंकड़े 114 से महज 6 कदम दूर हैं हम

### –बीएमसी के सिंहासन पर कब्जा करने शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने फोड़ा बम

**मुंबई (एजेंसी)।** देश की सबसे अमीर मुंबई महानगरपालिका बीएमसी के सिंहासन पर कब्जा करने के लिए खेल अब तीखा और पेंचीदा हो गया है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने एक ऐसा बम फोड़ा है, जिसने महायुति के खेमे में खलबली मचा दी है। राउत ने दावा किया कि वे बहुमत के जादुई आंकड़े 114 से महज 6 कदम दूर हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर ये 6 कदम कहां से पूरे होंगे?

संजय राउत जब कहते हैं कि उनके पास 108 का आंकड़ा है जिसमें उद्धव गुट (65), कांग्रेस (24), शरद पवार की एनसीपी और अन्य छोटे दलों को मिलाकर भी यह आंकड़ा 108 तक नहीं पहुंचता। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी पर्दे के पीछे से



उद्धव ठाकरे को समर्थन देने को तैयार है? सियासी गलियारों में चर्चा है कि क्या बीजेपी को रोकने के लिए उद्धव अब ओवैसी के साथ जाने का जोखिम उठाएंगे?

अगर 108 के आंकड़े में मुस्लिम बहुल सीटों वाले पार्षद शामिल होते हैं, तो इसका मतलब साफ है, बीजेपी को सत्ता से बाहर रखने के लिए विपक्षी गठबंधन किसी भी हद तक जाने को तैयार है। राउत ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर बड़ा प्रहार करते हुए कहा कि शिंदे अपने ही पार्षदों से डरे हुए हैं। राउत के मुताबिक शिंदे सेना के पार्षदों को बांद्रा और कल्याण-डोंबिवली के तीन अलग-अलग होटलों में नजरबंद किया गया है। राउत का दावा है कि जो शिंदे कल तक ईडी के डर से उद्धव का साथ छोड़ गए थे, आज उन्हें डर है कि उनके पार्षद पाला बदल लेंगे। राउत ने कहा कि हमारे (यूबीटी) पार्षद खुलेआम घूम रहे हैं, घरों पर मजे कर रहे हैं, हमें किसी का डर नहीं।

रिपोर्ट के मुताबिक बीएमसी चुनाव के बाद भले ही महायुति सबसे मजबूत दिख रही हो, लेकिन अंदरूनी कलह चरम पर है। बीजेपी किसी भी कीमत पर अपना मेयर चाहती है। सूत्र बताते हैं कि वे ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी राजी नहीं हैं और साफ कह चुकी है 30 जनवरी को बीएमसी में बीजेपी का मेयर बनेगा। एकनाथ शिंदे अपने 29 पार्षदों के दम पर ढाई साल का मेयर पद या सबसे पावरफुल स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष पद मांग रहे हैं।

# इस साल गणतंत्र दिवस परेड में भारत में बने हथियार होंगे आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल गणतंत्र दिवस परेड में सेना की नवगठित 'भैरव' लाइट कमांडो बटालियन, 'शक्तिबाण' तोपखाना रेजिमेंट और लद्दाख स्काउट्स माउंटेन इन्फेंट्री रेजिमेंट प्रमुख आकर्षण होंगे। यही नहीं, वायुसेना के फ्रांसीसी मूल के दसॉ राफेल और स्वदेशी रूप से निर्मित रूसी मूल के सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान भी उड़ान भरेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी और कहा कि इनमें कई उपकरण और रेजिमेंट को पहली बार युद्ध की तैयारी जैसी संचालन के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस साल के गणतंत्र दिवस की थीम 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' है। परेड में 30 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें से छह राष्ट्रीय गीत को समर्पित होंगी। मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के बाद सैन्य मामलों में बढ़ी आम जानता की रुचि को देखते हुए रक्षा सचिव ने कहा कि इन उपकरणों और बटालियनों के प्रदर्शन का उद्देश्य देश को सशस्त्र बलों की परिचालन व्यवस्था को दिखाना है।

उन्होंने कहा कि विचार है कि युद्ध में उपकरणों और जनशक्ति को एक साथ कैसे लाया जाता है, इसकी एक कहानी सबके सामने लाना है। उन्होंने कहा कि इससे गणतंत्र दिवस समारोह और इसकी यह परेड आम लोगों के लिए अधिक आकर्षक और जानकारीपरक हो जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले कुछ कर्मी इस तरह प्रदर्शन करेंगे मानो वे पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार हों। आत्मनिर्भरता के विषय को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी और मेड-इन-इंडिया सिस्टम से जुड़ी उपलब्धियां भी परेड में प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड का लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, इंडो-रूसी ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल और आकाश एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हैं, जिनका ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किया गया था।

रक्षा सचिव ने कहा कि परेड में दिखाई जाने वाली युद्धक सामग्री, उपकरण, प्रणाली का बड़ा हिस्सा या तो भारत में बना है या यहां डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि उल्लेखनीय रूप से एयरबस सी295 परिवहन विमान, जो अब टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड द्वारा भारत में बनाए जाते हैं, अमेरिकी मूल के एएच-64 अपाचे हेलीकॉप्टर और सी-130जे सुपर हर्क्यूलिस परिवहन विमान भी देश को इस परेड में देखने को मिलेंगे। इस बार स्वदेशी तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट परेड में भाग नहीं लेगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि वीआईपी की उपस्थिति को देखते हुए एकल-इंजन विमान को ऐसे आयोजनों के लिए आदर्श नहीं माना जाता। परेड का एक और आकर्षण होगा देश का ड्रोन तंत्र। इन ड्रोन को उड़ाया नहीं जाएगा, ये केवल प्रदर्शन के लिए रखे जाएंगे। इसका कारण भी सूत्रों ने परेड स्थल पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों की उपस्थिति बताया है।



# पटेलनगर के जंगल में छात्र की नीम के पेड़ से लटकी मिली लाश, एक माह पहले बहन ने भी की थी खुदकुशी, मचा हड़कंप


स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** पटेलनगर क्षेत्र में एक बार फिर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जंगल में नीम के पेड़ से 12वीं कक्षा के छात्र की लटकी हुई लाश मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मृतक छात्र की बहन ने भी ठीक एक माह पहले इसी क्षेत्र में फांसी लगाकर जान दे दी थी। एक ही परिवार में एक महीने के भीतर दूसरी मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बीप्रतापनगर थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया बुधवार को सूचना मिली कि पटेल नगर में सीए कॉलेज क्षेत्र के जंगल में एक युवक की लाश पेड़ से लटकी हुई है। सूचना मिलते ही में मय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचा। वहां 16 वर्षीय किशोर की लाश साफी के फंदे से नीम के पेड़ पर लटकी मिली। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश निवासी हाल पटेलनगर निवासी दीपक गंगवार 16 पुत्र स्वर्गीय रामकिशोर गंगवार के रूप में हुई । परिजन मौके पर पहुंचे तो चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की।

### बचपन से मौसा के पास रह रहा था छात्र

पुलिस के अनुसार दीपक बचपन से ही पटेलनगर में अपने मौसा आशीष गंगवार के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। वर्तमान में वह



12वीं कक्षा का छात्र था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं।

### कमर दर्द के बहाने घर से निकला, फिर नहीं लौटा

परिजनों ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह दीपक ने कमर में दर्द होने की बात कही और चेक कराने जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक वापस नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। अगले दिन उसका शव जंगल में मिलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### एक माह पहले बहन की भी मिली थी फंदे से लटकी लाश

पुलिस ने बताया कि मृतक दीपक की बहन प्रीति गंगवार की लाश 16 दिसंबर 2024 को पटेलनगर स्थित घर में फंदे से लटकी मिली थी। उस मामले की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि अब भाई की भी रहस्यमयी मौत सामने आ गई।

### लगातार दो आत्महत्याओं से इलाके में दहशत

एक ही परिवार में एक माह के भीतर दो आत्महत्याओं की घटनाओं ने न सिर्फ परिजनों बल्कि पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह सिर्फ संयोग है या इसके पीछे कोई गहरी वजह छिपी है। फिलहाल पुलिस दोनों ही मामलों को आत्महत्या मानकर जांच की बात कह रही है, लेकिन अब जांच की निष्पक्षता और गहराई पर भी सवाल उठने लगे हैं। जांच के बाद ही साफ हो पाएगा कि आखिर किन हालातों ने पहले बहन और फिर भाई को मौत का रास्ता चुनने पर मजबूर किया।

# कलेक्ट्रेट परिसर है या पार्किंग स्थल!



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

कलेक्ट्रेट कार्यालय के बरामदे में लगे यह वाहन कई सवाल खड़े कर रहे हैं कि यहां स्टाफ के वाहन सुरक्षित नहीं है या पार्किंग स्थल कम पड़ रहा है, जिससे स्टाफ को बरामदे में अपने वाहन परिसर में खड़े करने पड़ रहे हैं।

# शीतलहर से बचाव हेतु किया स्वेटर वितरण



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री प्राज्ञ जैन महिला मंडल भीलवाड़ा के तत्वावधान में विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में स्वेटर वितरण किये गए। अध्यक्ष मधु मेड़तवाल मंत्री मधु लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भीषण सर्दी को देखते हुए सेवा भारती बाल संस्कार केंद्र नेहरु विहार के नन्दकिशोर शर्मा हीरा लाल टेलर ललित कुमार जैन सत्य नारायण स्वर्णकार महावीर प्रसाद सोनी, प्रभुलाल लक्षकार ने महिला मंडल के इस सुकृत की भूरि भूरि प्रशंसा की। साथ ही

अहिंसा सर्कल आंगनबाड़ी, सांगानेरी गेट आंगनबाड़ी, सिविल लाइंस आंगनबाड़ी, शिवनगर आंगनबाड़ी में स्वेटर तथा कच्ची बस्तियों में बालकों को वूलन लोवर नोरत जी शुभम बापना के सहयोग से प्रदान किये गए। इस कार्यक्रम में संरक्षिका बसंता डांगी। सुनीता पीपाड़ा, सुशीला दुगड़, नीलू पानगड़िया, किरण सेठी, अरुणा पोखरणा, नीलम सेठी सुलेखा पीपाड़ा आदि की उपस्थिति रही।

# राजस्व न्यायालय मे पेश होने वाले प्रकरणों को ऑनलाइन पेश करने का विरोध

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली के नेतृत्व मे अधिवक्ताओ ने राजस्व मण्डल अजमेर अध्यक्ष को जिला कलेक्टर के मार्फ़त ज्ञापन सौपकर राजस्व न्यायालयो मे प्रस्तुत होने वाले वाद/प्रकरणों को सरकार द्वारा ऑनलाइन पेश करने का जो निर्णय लिया गया है ऑनलाइन पेश करने के निर्णय का वापस लेने का निवेदन किया है इस निर्णय को वापस न लेने पर अधिवक्ताओ को आंदोलन करना पड़ेगा।

रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर ने बताया कि राजस्व न्यायालयो मे प्रस्तुत होने वाले प्रकरणों को ऑनलाइन पेश करने का जो निर्णय लिया गया इससे पूर्व किसी भी बार संघ अध्यक्ष/सचिव से विचार विमर्श नहीं किया गया तथा रेवेन्यू कोर्ट मेन्युअल मे भी बिना संशोधन किये लागु किया जो कानूनी प्रावधानो के विपरीत है तथा उक्त एकतरफा निर्णय से राजस्थान के समस्त कश्तकारों के साथ अन्याय हुआ है क्योंकि इससे गरीब किसान काश्तकारो पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा तथा अत्यधिक पेचीदगिया बढ़ेगी एवं अधिवक्ता समुदाय के अधिकारों पर भी कुठाराघात हो रहा है। राजस्व मण्डल के उक्त निणय से अधिवक्ताओ एवं आमजन मे भारी रोष व्याप्त है, जिसके विरोध स्वरुप राजस्थान रेवेन्यू बार अजमेर के आह्वान पर संस्था द्वारा न्यायिक कार्य से विरक्त रहने का आज निर्णय लिया है साथ ही वाद/प्रकरणों को दर्ज करने व सम्पूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने सम्बन्धी निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता समुदाय द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

इस दौरान श्यामलाल वैद, मांगीलाल सेन, सुरेश सुवालका, पीरू सिंह गौड़, सुरेशदास वैष्णव, बालू लाल उपाध्याय, सरिता स्वर्णकार, महेश जोशी, सूर्यप्रकाश सरगरा, रक्षा तिवारी, कैलाश चारण, ज्योति जागेटिया, गायत्री पटवा, अनुराग आडोत, मंथन तिवारी, हसन खान, हरजीराम रेबारी, जसपाल सिंह भाटी, अनील कुमार पारीक सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# फल वाटिका का जिला कलेक्टर ने लिया जायजा



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे में नेशनल हाईवे 758 किनारे खजीना चारागाह क्षेत्र में आकोला ग्राम पंचायत द्वारा विकसित की जा रही फल वाटिका का जिला कलेक्टर जसमीत सिंह सिंधु ने जायजा लिया । आकोला प्रशासक शिवलाल जाट ने बताया कि नेशनल हाईवे किनारे खजीना गांव के चारागाह में फलों के 56 प्रकार के पौधे करीब तीन हजार पांच सौ पौधे लगाकर फल वाटिका विकसित की जा रही है, जिसका आज भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने जायजा लिया । जिला कलेक्टर ने इस फल वाटिका प्रशंसा करते हुए कोटड़ी विकास अधिकारी रामबिलास मीणा को और भी कई सुझाव दिए । इसके बाद जिला कलेक्टर संधू ने खजीना गांव के संस्कृत विद्यालय में बन रहे स्मार्ट शौचालय का भी निरीक्षण किया । वहीं जिला कलेक्टर संधू ने कहा कि फल वाटिका में एससीएफ, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जन से सैंक्शन निकली, उसमें ग्राम पंचायत द्वारा बहुत ही अच्छा काम किया, तारबंदी कर लगभग 3500 पौधे लगाए, जिसमें फलदार प्रमुख हैं, सबसे अच्छी बात यह है कि ग्राम पंचायत में ड्रिप सिस्टम से पानी का अच्छे से प्रयोग किया, और भी आवश्यक होगी अप्रूव पर विचार किया, किसके साथ ही विद्यालय में बना रहे सामुदायिक स्वच्छता परिसर का भी जायजा लिया । इस दौरान जिला परिषद अधिषासी अभियंता गोपाल लाल टेलर, आईईसी समन्वय जिला परिषद विनय पंचोली, डॉ. एस एस दईया महाप्रबंधक आरएसएमएमएल उदयपुर, नाहर सिंह राठौड़ व रणजीत सिंह राठौड़ आरएसएमएमएल उदयपुर, कनिष्ठ तकनीकी सहायक योगेश शर्मा सहित अन्य कहीं मौजूद रहे।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

एवीवीएनएल के सहायक अभियंता ने बताया कि 11 केवी रिको-1 फीडर संबंधित क्षेत्रः- नया बापू नगर, सी,डी,ई,एफ,जी,एच,आई सेक्टर, देव नारायण सर्किल, सेंट्रल अकादमी स्कूल, अक्षय पात्र, समाज कल्याण छात्रावास, बिलिया, प्रतापनगर थाना, हुडको कॉलोनी, बालिका विद्यालय, आवरी माता के सामने बापू नगर आदि क्षेत्र में 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# नगर पालिका के 25 नवीन कार्यों का लोकार्पण

स्मार्ट हलचल




**गंगापुर।** नगरपालिका गंगापुर द्वारा किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण सहाड़ा विधानसभा विधायक ने पालिका द्वारा संचालित श्रीकृष्ण गौशाला में किया।

इन विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण पालिका द्वारा संचालित श्रीकृष्ण गौशाला में नवीन टीन शेड, घास गौदाम, मुख्य बाजार में सब्जी मंडी टीन शेड निर्माण, बस स्टैंड विश्रांति गृह, ऊडिया तालाब, सौंदर्यकरण , बस स्टैंड सीसी निर्माण व नवीन प्रतीक्षालय, वार्ड 13, 15, 22 में विश्रांति गृह निर्माण कार्य, पशु चिकित्सालय में ऑर्नामेंट्स हट एवं सीसी निर्माण, ट्रेंचिंग यार्ड में सघन वन, इंद्रा कॉलोनी में ओपन जिम, आर्नामेंट रेलिंग, तहसील कार्यालय के बाहर व शांति नगर के पास पालिका भूमि पर, कॉलेज रोड ऑडिटोरियम चारदीवारी निर्माण, पंचतीर्थ मंदिर स्नानघर, वार्ड 25 में संस्कृत स्कूल के पास भवन निर्माण का लोकार्पण किया गया। साथ ही कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया साथ ही तीन नए कार्यों का शिलान्यास के साथ पालिका को नए रूडीफ वाहन की सौगात भी प्रदान की गई। विधायक द्वारा पट्टे वितरण व प्रधानमंत्री आवास लाभार्थियों को भी राशि स्वीकृत की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली ने सभी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम म अतिथियों का स्वागत पार्षद प्रभुलाल माली व पालिक के कर्मचारीगण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# बनास से दो डंपर एक एलएनटी मशीन जब्त, चार गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बजरी खनन पर सुप्रीम कोर्ट के बावजूद के इलाको में अवैध बजरी माफिया सक्रिय है और धडल्ले से नदी के पेटो को खाली कर रहे है । भीलवाड़ा जिले में अवैध बजरी की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है । मंगलवार देर रात भी बीगोद क्षेत्र में बरुखेड़ा के पास बनास नदी पर टीम ने दबिश देकर अवैध बजरी खनन करते दो दो डंपर और एक एलएनटी मशीन को जप्त किया उक्त कार्यवाही शिकायत मिलने के बाद बीगोद थाने के दीवान सतपाल के नेतृत्व में टीम द्वारा की गई । मौके से सत्यनाराय बैरवा निवासी सांडगांव, हीरालाल गुर्जर निवासी सेवनी, देवा गुर्जर मोटरो का झोपड़ा और दिनेश धाकड़ निवासी मुकुनपुरिया को गिरफ्तार किया गया और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया वही जब्त वाहनों को थाने लाकर खड़ा किया और अग्रिम कार्यवाही के लिए खनन विभाग को सूचित किया ।

# बोरखेड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता- गेगा का खेड़ा ने उदलियास को हराया



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** कस्बे के निकटवर्ती बोरखेड़ा गांव में द्वितीय पवन क्रिकेट क्लब प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले गए । विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को पहला मुकाबला जैनपुरिया क्लब बिगोद बनाम बड़लियास के बीच खेला गया, जिसमें जैनपुरिया क्लब बीगोद की टीम विजेता रही । दूसरा मुकाबला गेंदलिया बनाम बालाजी क्लब सोपुरा के बीच खेला गया, जिसमें बालाजी क्लब सोपुरा की टीम विजेता रही । तीसरा मुकाबला कुड़ी बनाम सिंगोली के बीच खेला गया, इसमें सिंगोली की टीम विजेता रही । वहीं आखिरी चौथा मुकाबला गेगा का खेड़ा बनाम उदलियास के बीच खेला गया, जिसमें गेगा का खेड़ा की टीम विजेता रही।

# हमीरगढ़ में 22 जनवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन, कलश यात्रा से लेकर विशाल हिन्दू भोज तक होंगे विविध कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**हमीरगढ़।** कस्बे में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन 22 जनवरी (गुरुवार) को विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा।विराट हिन्दू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी अभिषेक व्यास ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता, धार्मिक संस्कार तथा सांस्कृतिक गौरव की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। आयोजन के दौरान धर्म एवं संस्कारों की इस महायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है।कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार,22 जनवरी को सुबह 11 बजे कलश यात्रा के साथ विशाल हिन्दू शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।सम्मेलन में राम सागर दास द्वारा प्रवचन होंगे, जबकि संघ प्रचारक विनोद कुमार मेलाना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।समापन पर विशाल हिन्दू भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु 'एक संगत, एक पंगत' के भाव से सामूहिक भोजन करेंगे।समिति ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से इस विराट आयोजन में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है।

# अवैध देशी शराब सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | हनुमाननगर



हनुमान नगर थाना पुलिस ने दौराने गश्त एक व्यक्ति को अवैध शराब परिवहन करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल शंकर लाल ने बताया कि खेमा का झौंपड़ा निवासी बाबूलाल पुत्र भूरालाल सुवालका उम्र 58 वर्ष एक थैले में 48 पव्वे घुंघरू ब्रांड देसी शराब के लेकर जा रहा था, जिसके पास वैध अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने पर पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपित बाबूलाल को गिरफ्तार कर लिया।

# चोर बैंक लॉकर की छत तोड़कर चुराकर भागे 110 तोला सोना, इलेक्ट्रिक कटर मौके पर छोड़े

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



राजस्थान के केकड़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बैंक के लॉकर रूम की छत तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब सवा करोड़ रुपये की कीमत का सोना चुरा लिया। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सावर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की ।

जानकारी के अनुसार चोरों ने बेहद शातिराना तरीके से बैंक की छत को तोड़ा और उसके बाद मजबूत लोहे के सरियों को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर लॉकर रूम में प्रवेश किया। चोरों ने बैंक के एक-दो लॉकर तोड़कर उनमें रखा सामान चोरी कर लिया है। हालांकि बैंक का मुख्य कैश (नगदी) पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है।

### 110 तोला सोना चोरी

पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि कि टूटे हुए लॉकर से कितना सोना, चांदी या अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है, इसका सही अंदाजा लॉकर होल्डर्स के आने के बाद ही लग सकेगा। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 110 तोले सोने की चोरी हुई है। बैंक मैनेजर पूजा मीणा के मुताबिक इंद्र राज भट्ट का 80 तोला सोना चोरी हुआ है। इसी तरह लोकेश पारीक का 28 तोला सोना और 8 50 ग्राम चांदी चोरी हुई है।

### सीसीटीव खंगाल रही पुलिस

बैंक प्रबंधन द्वारा संबंधित ग्राहकों को सूचित कर दिया गया है। बाकी ग्राहकों के पहुंचने व उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही कुल नुकसान का खुलासा होगा। फिलहाल सावर पुलिस बैंक व आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। माना जा रहा है कि चोरों ने इस वारदात के लिए रविवार रात का वक्त चुना था, क्योंकि इस दिन बैंक का अवकाश था।

थानाधिकारी राधेश्याम जाट के अनुसार चोरी के सटीक समय का पता लगाया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके पर ही अपना इलेक्ट्रिक कटर व छत तोड़ने में इस्तेमाल किए गए अन्य उपकरण छोड़कर फरार हो गए है।

### सुरक्षा पर खड़े हुए सवाल

साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया जा रहा है। वारदात के बाद बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए है। फिलहाल सावर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चोरी की सनसनीखेज वारदात की जानकारी के बाद स्थानीय विधायक शत्रुघ्न गौतम भी मौके पर पहुंचे।

# 23 जनवरी से प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राज्य सरकार के निर्देशानुसार 23 जनवरी से प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार 23, 24, 25 एवं 31 जनवरी तथा 1 फ़रवरी एवं 5 से 9 फरवरी को प्रत्येक गिरदावर वृत पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर को सफल संचालन के लिए संयुक्त निदेशक कृषि विभाग के श्री विनोद कुमार जैन को नोडल अधिकारी एवं शिविर की समस्त व्यवस्थाओं के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री चन्द्रभान सिंह भाटी को नियुक्त किया है।

इसी प्रकार उपखण्ड स्तर के प्रत्येक सर्किल पर आयोजित होने वाले एक दिवसीय विशेष शिविर के संबधित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबधित विकास अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

यह विभाग की रहेगी सहभागिता- कृषि विभाग, उद्यानिक विभाग, कृषि विपणन विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्योग विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, डेयरी विभाग

# धर्माउ तालाब पर डाका! कोर्ट के आदेश, कलेक्टर के निर्देश, सब बेअसर, पटवारी-गिरदावर-खाप की तिकड़ी ने पानी-मिट्टी लूटी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा/कोटड़ी।** जागीर कालीन विरासत, पर्यावरण का प्रहरी और ग्रामीण जलस्तर का आधार कोटड़ी तहसील का फलासेड़ ग्राम का धर्माउ तालाब आज खुलेआम लूट का अड्डा बन चुका है। हाईकोर्ट के सख्त आदेश, राजस्व मंडल की फटकार, कलेक्टर-एसडीओ के निर्देश सब धरे के धरे। आरोप है कि पटवारी-गिरदावर और तथाकथित खाप पंचायत की मिलीभगत से तालाब से दिन-रात पानी चुराया जा रहा है, मिट्टी खोदी जा रही है और मछली ठेके के नाम पर लाखों का खेल खेला जा रहा है। फलासेड़ का यह धर्माउ तालाब श्रीबिहारीजी महाराज स्थानदेह जीवनसिंह ट्रस्ट मन्दिरान रासेड़ के अधीन है। बरसों से ट्रस्ट और ग्रामीणों की सहमति से यहां जल निकासी, मछली पालन, शिकार और मिट्टी दोहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहा है। हर साल इसकी सूचना प्रशासन को दी जाती रही। बावजूद इसके, पिछले कुछ वर्षों से 'खाप पंचायत' के नाम पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने राजस्व अमले की शह पर तालाब को निजी खदान और ट्यूबवेल में बदल दिया।

### करीब एक करोड़ का खेल!

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा का आरोप है कि अवैध जल चोरी, मिट्टी दोहन और मछली ठेका देकर करीब एक करोड़ रुपये का बेजा लाभ उठाया गया। तालाब में बिजली कनेक्शन तक करा दिए गए, पंप-मोटर लगातार चल रहे हैं। करीब 4 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर दिन-रात पानी चुराया जा रहा है और प्रति बीघा लगभग 1500 रुपये की अवैध वसूली की जा रही है।

### फर्जी ठेका, राजकोष को चूना

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा ने बताया कि साल 2024-25 में हल्का पटवारी अभिषेक खांडाल, गिरदावर गोपाल शर्मा और खाप पंचायत गुर्जरान पर फर्जी दस्तावेजों से मछली पालन का सवा छह लाख का ठेका देने का आरोप है। यह ठेका ऐजाज मोहम्मद को देकर मछलियों की चोरी कर रकम राजकोष में जमा कराने के बजाय कथित तौर पर जेबों में डाल ली गई।

### सबूत मिटाने की साजिश

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल



शर्मा के अनुसार 4 जून 2025 को भगवानलाल गुर्जर से कथित भारी रिश्वत लेकर पाइपलाइन दबवाकर सबूत मिटाने का आरोप भी लगाया गया है। इसी दौरान करीब 300 ट्रैक्टर मिट्टी की अवैध निकासी, पेड़ों की कटाई और क्षेत्र को तहस-नहस कर दिया गया।

### शिकायतें, जांचें नतीजा शून्य

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा ने बताया कि 23 और 25 जून 2025 को पारोली थाने में रिपोर्ट दी गई। एसडीओ कोटड़ी ने जांच के आदेश दिए, लेकिन तहसीलदार ने जांच उसी पटवारी को सौंप दी। नतीजा शून्य। आराजी भूमि की पत्थरगड़ी के आदेश के बाद भी गिरदावर पर 9 हजार की रिश्वत लेने का आरोप है।

### हाईकोर्ट का आदेश भी हवा

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 10 मई 2019 को खसरा संख्या 28, 36, 170, 175, 702/190, 144, 154 सहित पूरे कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण तत्काल हटाने के आदेश दिए थे। छह साल बाद भी न पटवारी हिले, न गिरदावर, न तहसीलदार, न पुलिस। उलटे टालमटोल और मनमानी व्याख्याएं चलती रहीं। अवमानना को लेकर 3 अक्टूबर 2025 को विधिक नोटिस तक दिया जा चुका है। बावजूद प्रशासन कुछ नहीं कर पा रहा है।

### जांच के बावजूद पदोन्नति!

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा के अनुसार राजस्व मंडल अजमेर ने नायब तहसीलदार श्रीलाल मीणा, पटवारी अभिषेक खांडाल और गिरदावर गोपाल शर्मा के खिलाफ जांच के आदेश दिए, लेकिन कोटड़ी तहसील में मिलीभगत के चलते यहीं पदोन्नति दे दी गई। यह सवाल खड़ा करता है कि कार्रवाई किसके खिलाफ और संरक्षण किसे?

### एसडीओ मौके पर, फिर भी कार्रवाई गायब

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा ने कहा है कि कोटड़ी की मौजूदा एसडीओ ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अवैध जल-मिट्टी दोहन रोकने और मछली ठेके की जांच के आदेश दिए। 5 दिसंबर 2025 को 7 दिन में संयुक्त जांच रिपोर्ट का निर्देश भी दिया। लेकिन रिपोर्ट आज तक नहीं। उलटे ट्रस्ट व्यवस्थापक को धमकाने के आरोप लग रहे हैं। 22 दिसंबर को बनी समिति में भी आरोपियों को ही शामिल कर लिया गया।

### ग्रामीणों में आक्रोश

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा का आरोप है कि हाईकोर्ट, राजस्व मंडल, कलेक्टर और एसडीओ के स्पष्ट आदेशों के बावजूद धर्माउ तालाब से न जल दोहन रुका, न मिट्टी दोहन। खाप पंचायत, पटवारी, गिरदावर और नायब तहसीलदार मिलकर लाखों की अवैध वसूली कर रहे हैं। फलासेड़-रासेड़ के ग्रामीण दहशत में हैं, राजआदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

### अब फिर हाईकोर्ट की शरण

ट्रस्ट व्यवस्थापक जमनालाल शर्मा ने चेताया कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा राजस्थान हाईकोर्ट जाएंगे। विधिक नोटिस पहले ही दिया जा चुका है। सवाल साफ है। क्या अदालतों के आदेश कागज बनकर रह जाएंगे? या धर्माउ तालाब पर चल रहा यह 'सरकारी संरक्षण वाला लूट तंत्र' कभी टूटेगा?

# पालिका उपाध्यक्ष और पार्षदों ने लगाये नगर पालिका मुर्दाबाद के नारे

## जरूरी काम ठप, दिखावे की राजनीति हावी: गंगापुर नगर पालिका का 'उद्घाटन मॉडल' बेनकाब

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** नगर पालिका में विकास अब ज़रूरत से नहीं, दिखावे की सुविधा से तय किया जा रहा है। शहर की बुनियादी समस्याएं जस की तस पड़ी हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन गैर-जरूरी कार्यों के उद्घाटन कर झूठी वाहवाही बटोरने में व्यस्त दिखाई दे रहा है।

इसी कड़ी में बिना किसी बोर्ड चर्चा और पार्षदों की सहमति के, नगर से दूर गौशाला में नरेगा श्रमिकों को बुलाकर विधायक लादूलाल पितलिया के हाथों उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित कर दिया गया। सवाल यह है कि जब शहर की सड़कें अधूरी हैं, दुर्घटनाएं हो रही हैं, तब विकास का उद्घाटन नगर से बाहर क्यों?

नगर पालिका की इस हठधर्मिता के खिलाफ नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, पार्षद प्रहलाद सुथार,राकेश व्यास, नीतू मनीष तिवारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

पार्षदों का साफ कहना है कि रायपुर रोड का अधूरा कार्य जानबूझकर अटका रखा गया है,



जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर पालिका चैयरमेन और अधिशासी अधिकारी को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन पिछले डेढ़ साल में एक भी नगर पालिका बोर्ड बैठक नहीं बुलाई गई। जनहित के मुद्दों पर चर्चा से बचते हुए, प्रशासन केवल फोटो सेशन और उद्घाटन तक सीमित हो गया है। नगर पालिका बोर्ड की बैठक न बुलाना यह साबित करता है कि निर्णय विकास के लिए नहीं, बल्कि मनमर्जी और प्रचार के लिए लिए जा रहे हैं।

# होटल पर खाना खाने गए युवक पर किया हमला

## पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद युवक ने पुलिस से लगाई गुहार

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** लगातार पुलिस की कठोर कार्रवाई के बावजूद भी अपराधी के हौसले इतने बुलंद हो रहे हैं कि भीड़ भाड़ वाली होटल पर बैठकर खाना खा रहे एक युवक पर चार युवकों ने धारदार हथियारों से हमला करते हुए जख्मी कर दिया । पीड़ित युवक ने आसींद थाने एवं भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई । पीड़ित युवक धीरज पुत्र राजेश लोहार निवासी ब्राह्मणों की सरेरी ने बताया कि 18 जनवरी की रात्रि को 10 बजे होटल से खाना खाकर में मेरे घर के लिए रवाना हुआ तभी दिनेश उर्फ पृथ्वीराज पुत्र जगदीश ओझा, गोविंद पुत्र भेरुलाल जोशी, प्रदीप पुत्र दिलखुशी देवी खंडेलवाल, सहित कमलेश पुत्र जगदीश ओझा



अपने हाथों में धारदार हथियार लोहे के सरिए लेकर आए और मेरे होटल के बाहर निकलते ही मुझे जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर हमला कर दिया । जिसके चलते मेरे सिर में जोरदार चोट लगी सिर से खून निकलने लगा और मैं बेहोश होकर गिर गया तभी आरोपी मेरे साथ मारपीट करके भाग गए । होटल पर मौजूद लोगों ने मेरे परिवारजनों को सूचना दी और परिवारजन मुझे इलाज के लिए आसींद चिकित्सालय लेकर आए जहां पर मेरे सिर में आधा दर्जन से अधिक टांका लगाने पड़े सभी आरोपी मेरे गांव ब्राह्मणों की सरेरी के ही निवासी है । इस घटना की रिपोर्ट देने बावजूद भी अभी तक कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है । जिसके चलते अभियुक्तों के हौंसले बुलंद है ।

# बदलते परिवेश में संस्कार ही जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला है: बलराज आचार्य

## भाविप नेताजी सुभाष शाखा द्वारा तीन दिवसीय आत्मरक्षा शिविर संपन्न

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद, नेताजी सुभाष शाखा द्वारा सर्वोदय शिक्षण संस्थान माध्यमिक विद्यालय, संजय कालोनी में बालिकाओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय आत्मरक्षा शिविर संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां भारती एवं युगपुरुष स्वामी विवेकानंद को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षिका विनीता तापड़िया द्वारा आत्मरक्षा हेतु बताए गए उपायों को दोहराते हुए कहा कि जीवन में स्वयं से बड़ा भरोसा किसी का नहीं हो सकता, ऐसे में हमारे आत्मबल को सशक्त करना होगा, इस हेतु आत्मरक्षा के उपाय जीवन में कारगर सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में आमंत्रित बच्चों के अभिभावकों एवं बच्चों के मध्य संस्कार विषय पर मुख्य उद्बोधन पूर्व राष्ट्रीय मंत्री (संस्कार) बलराज आचार्य द्वारा दिया गया। अपने उद्बोधन में बताया कि बदलते परिवेश में संस्कार ही जीवन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। जीवन की प्रथम पाठशाला की गुरु मां होती है वहीं से संस्कार का बीजारोपण होता है ऐसे में संस्कार को जीवित रखने के लिए परिवार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। ऐसे में हमें परिवार के सदस्यों में



संवाद को सजीव करना होगा जिससे संगठित परिवार द्वारा स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षिका श्रीमती विनीता तापड़िया का शाल व ऊपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। विद्यालय निदेशक अनिल बांगड़, प्राचार्य वैभव बांगड़ एवं अवनीश बांगड़ का तिलक, ऊपरना द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मधु लढा, सुनीता नराणीवाल, आशा दरगड़, यशोदा शर्मा एवं कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शाखा सचिव कैलाश शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा धरती देवरा में विराट हिंदू सम्मेलन



स्मार्ट हलचल | शाहपुरा

देश भर में चल रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में ठाकुर बाबा बस्ती का हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को भव्य शोभा यात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा में 1100 कलश, अखाड़ा प्रदर्शन, ऊंट, घोड़े, विभिन्न प्रकार की झांकियां, केसरिया दल आकर्षण का विषय रहेगा। शोभायात्रा रामद्वारा से प्रारंभ होकर धरती देवरा पहुंचेगी जहां मुख्य मार्ग पर विभिन्न समाज के स्वागत द्वार और पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का स्वागत होगा। धरती देवरा में आयोजित धर्म सभा को संत शिरोमणि प्रकाश दास महाराज व महेश मणि चैतन्य महाराज मंदसौर संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर है। घरों घरों में पीले चावल व पत्रक देकर आमंत्रण दिया जा रहा है। इस हेतु समाज से सहयोग के लिए भी टोलिया लगी हुई है। तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए रखी गई बैठक में अध्यक्ष मोडू राम धाकड़, संयोजक डॉक्टर परमेश्वर कुमावत, कोषाध्यक्ष भगवत सिंह लूंलास, सह कोषाध्यक्ष सांवरलाल खारोल, सहसंयोजक सुरेंद्र कुमार शर्मा, कन्हैयालाल वर्मा, रामेश्वर लाल धाकड़, कैलाश धाकड़, भगवत सिंह कानावत, राजू कहार, रामस्वरूप माली, मोडूराम गुर्जर, सुगन लाल बोहरा, कमलेश धाकड़, ओम प्रकाश सेन, जगदीश प्रसाद व्यास, वेद प्रकाश धाकड़, देवीलाल रेगर, कैलाश चंद्र रेगर, नाथू लाल कहार, रुपचंद कहार, मिठू लाल कहार, भैरुलाल कहार उपस्थित रहे।

# मुमुक्षु शीतल सोलंकी की शोभा यात्रा में उमड़ा जैन समाज

**चित्तौड़गढ़।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान की ओर से आयोजित बैरागन बहिन शीतल सोलंकी की शोभा यात्रा बुधवार प्रातः 8.30 बजे गांधी चौक से जुलूस के साथ सुभाष चौक, राणा सांगा बाजार होते हुए श्री जैन दिवाकर भवन पहुंची।

शोभा यात्रा समाप्ति के बाद श्री जैन दिवाकर भवन में श्रमण संघ महामंत्री राजेश सेठिया ने मुमुक्षु बहिन शीतल सोलंकी का जीवन परिचय दिया, श्रमण संघ किरण डांगी ने सभी का स्वागत किया और उसके बाद श्री जैन दिवाकर महिला परिषद अध्यक्ष संगीता चीपड़ के नेतृत्व में मुमुक्षु बहिन के लिए स्वागत गीत गाया। इस अवसर पर मुमुक्षु बहिन शीतल सोलंकी का स्थानीय संघों के पदाधिकारियों ने स्अभिनंदन किया।



इस अवसर पर श्रमण संघ अध्यक्ष किरण डांगी, महामंत्री राजेश सेठिया, मंत्री प्रदीप बाबेल, कोषाध्यक्ष प्रदीप भड़क्तिया, अखिल भारतीय जैन दिवाकर संगठन समिति अध्यक्ष आईएम सेठिया आदि मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम के बाद दिवाकर भवन में मुमुक्षु बहिन द्वारा विचार रखे गए। वैरागन बहिन शीतल सोलंकी की दीक्षा 22 फरवरी को कमोल में होना सुनिश्चित हुई है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाई

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी रा विद्यालय शास्त्री नगर , रा उच्च प्रा, विद्यालय कावाखेड़ा, रा प्रा विद्यालय हाउसिंग बोर्ड, रा उच्च प्रा वि कावाखेड़ा, आदर्श विद्या मंदिर अम्बेडकर नगर, ब्राइट वेल पब्लिक स्कूल कावाखेड़ा में बाल विवाह को रोकने के लिए के विद्यालयों में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई एवं



बच्चो को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई, गतिविधि के दौरान बच्चो को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूक किया गया साथ ही जानकारी दी गई कि सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत 100 दिवसीय अभियान चला कर बाल विवाह मुक्त करने के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधिया आयोजित की जा रही है। बच्चो को बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप है इसको रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा एवं अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। इस गतिविधि में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह, सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर, केस वर्कर शिवराज खटीक ने जानकारी प्रदान की एवं बताया गया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर जानकारी दी जा सकती है। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हैं। इस दौरान महात्मा गांधी रा विद्यालय शास्त्री नगर प्रिंसिपल राजकुमार काकरिया, रा उच्च प्रा, विद्यालय राकेश कुमार लौट, रा प्रा विद्यालय हाउसिंग बोर्ड प्रिंसिपल रेखा पांडे, रा उच्च प्रा वि कावाखेड़ा प्रिंसिपल प्रदीप मेहता, आदर्श विद्या मंदिर अम्बेडकर नगर प्रिंसिपल मुकेश जीनगर, ब्राइट वेल पब्लिक स्कूल प्रिंसिपल सीता चौहान एवं 800 बच्चो ने भाग लिया।

# जयनगर विद्यालय में कर्तव्य बोध दिवस संगोष्ठी आयोजित

**बेगूं।** उपखण्ड क्षेत्र के जयनगर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस संगोष्ठी का आयोजन प्रधानाचार्य इन्द्रदेव के मुख्य आतिथ्य, सागरमल पटवा, भंवरसिंह मुरलिया के विशिष्ट आतिथ्य एवं हमीरसिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया गया।

उप शाखा अध्यक्ष गोपाल लाल धाकड़ एवं मंत्री मुकेश धाकड़ ने बताया कि संगोष्ठी के आरंभ में अतिथियों का उपरना ओढ़ा कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के सागरमल पटवा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस के आयोजन की रुप रेखा प्रस्तुत की व भंवर सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े वृतांतों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि इन्द्रदेव शर्मा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस की सार्थकता के बारे में अपने विचार रखे। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हमीर सिंह राजपूत, नन्दलाल कुमावत ने सभी अतिथियों, शिक्षकों व शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिवराज गोस्वामी व उपशाखा मंत्री मुकेश कुमार धाकड़ द्वारा किया गया।

# जयकार समाज द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 1 को, विभिन्न समितियों का किया गठन

## लादूलाल फोगा की अध्यक्षता में जयकार समाज की प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अखिल राजस्थान जयकार समाज विकास संस्था की प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक नेहरू विहार स्थित भेरूलाल रेवल के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लादूलाल फोगा ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष दुर्गालाल बारेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 1 फरवरी रविवार को भीलवाड़ा में राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। साथ ही समाज के स्थायी विकास को ध्यान में रखते हुए भीलवाड़ा में



भूखंड क्रय करने के विषय पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने भीलवाड़ा के समीप प्रस्तावित भूमि का सामूहिक रूप से निरीक्षण किया तथा शीघ्र ही क्रय प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। युवा शाखा के जिला अध्यक्ष कमल जागा ने अपनी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनकी औपचारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भीलवाड़ा में समाज के विद्यार्थियों हेतु कोचिंग एवं लाइब्रेरी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही अन्य जिलों से परीक्षा देने हेतु भीलवाड़ा आने वाले समाज के विद्यार्थियों के ठहरने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गालाल बारेठ, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरूलाल लखावत, प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गालाल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंतीलाल जामका, प्रदेश सहायक कोषाध्यक्ष राधेश्याम बागड़वा, जिला अध्यक्ष लादूलाल फोगा, जिला संरक्षक गोपाललाल बराला, कार्यकारीध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद डोगा, जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष कैलाशकुमार बागड़वा, जिला कोषाध्यक्ष भेरूलाल रेवल, राजूलाल रेवल, जिला युवाध्यक्ष कमल पोरवाड, एवं अंबालाल चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में जिला मंत्री जगदीश प्रसाद डोगा ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# आकिब ने जीता गोल्ड मैडल



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

Science Olympiad Foundation द्वारा आयोजित international General Knowledge Olympiad कम्पटीशन मे अपनी स्कूल की ओर से आकिब ने हिस्सा लेकर अच्छा प्रदर्शन कर गोल्ड मैडल हासिल किया

इस प्रतियोगिता मे भीलवाड़ा सहित पुरे भारत भर के स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया । जिसमे आकिब ने गोल्ड मैडल जीता। जिससे आकिब के परिवार और स्कूल मे खुशी का माहौल है।

# आईसीएसएसआर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रबंधन विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रायोजन से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय 'विकसित भारत @2047 के लिए सुदृढ़ प्रबंधन पद्धतियाँ' है।

सम्मेलन निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से 300 से अधिक शोधार्थी, विद्यार्थी एवं शिक्षाविद भाग ले रहे हैं। सम्मेलन संयोजक डॉ. संदीप चौरसिया ने जानकारी दी कि कार्यक्रम को 6 तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया है, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने इसे एक भव्य कार्यक्रम बताते हुए कहा कि यह




विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि आईसीएसएसआर ने सांगम विश्वविद्यालय को वित्तीय अनुदान देकर प्रोत्साहित किया है।सम्मेलन में देशभर से शिक्षाविद, शोधार्थी, उद्योग विशेषज्ञ, नीति-निर्माता एवं प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे। बदलते वैश्विक परिदृश्य, डिजिटल परिवर्तन, आर्थिक अनिश्चितताओं और सामाजिक चुनौतियों के संदर्भ में सुदृढ़ प्रबंधन रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान शोध पत्र प्रस्तुतिकरण, तकनीकी सत्र और विचार-विमर्श के माध्यम से अकादमिक एवं व्यावहारिक ज्ञान का आदान-प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मानस रंजन पाणिग्रही एवं कुल सचिव डॉ. आलोक कुमार ने आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी।

### संगठनात्मक टीम को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम कैसी होगी ? राजस्थान के इन नेताओं को मिल सकती है जगह

स्मार्ट हलचल



**जयपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर चल रहा इंतजार समाप्त हो गया है। युवा बिहारी चेहरे नितिन नवीन को पार्टी की कमान सौंपी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के साथ ही अब उनकी नई संगठनात्मक टीम को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि नितिन नवीन अपनी टीम में 60 वर्ष से कम उम्र के, संघ पृष्ठभूमि वाले और संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेताओं को प्राथमिकता देंगे।

**राजस्थान के इन नेताओं की लग सकती है लॉटरी**

नितिन नवीन के अध्यक्ष बनने के बाद राजस्थान से भी कई नेताओं के नाम राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने को लेकर सामने आ रहे हैं। इनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, राष्ट्रीय सचिव अलका सिंह गुर्जर और अजमेर विधायक अनिता भदेल के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं।

**हरियाणा बीजेपी के प्रभारी हैं पूनिया**

सतीश पूनिया वर्तमान में हरियाणा बीजेपी के प्रभारी हैं और उन्हें हरियाणा में पार्टी की दोबारा सरकार बनने का श्रेय दिया जाता है। एबीवीपी पृष्ठभूमि वाले पूनिया को कुशल संगठनकर्ता माना जाता है।

**पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं बंसल**

वहीं सुनील बंसल, जो आरएसएस प्रचारक से बीजेपी में आए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। यूपी में संगठन महामंत्री रहते हुए भाजपा को सत्ता में लाने में उनकी भूमिका अहम रही है। फिलहाल वे पश्चिम बंगाल की संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और उन्हें मौजूदा पद पर बनाए रखने की संभावना जताई जा रही है।

**पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भी रेस में**

चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष रह चुके हैं और संसद में अपनी धाराप्रवाह भाषण के लिए पहचाने जाते हैं।

**बिहार चुनाव में राजेंद्र राठौड़ ने दिखाया था दम**

इस रेस में भाजपा के राजेंद्र राठौड़ , हालांकि पिछला विधानसभा चुनाव हार गए थे, लेकिन राष्ट्रीय नेतृत्व उनकी रणनीतिक क्षमताओं से परिचित है। हाल ही में उन्होंने बिहार चुनाव में अहम जिम्मेदारी निभाई थी और उनका नाम राज्यसभा के लिए भी चर्चा में है।

**इन महिला नेताओं को भी मिल सकती है जिम्मेदारी**

राष्ट्रीय सचिव अलका सिंह गुर्जर को दिल्ली में संगठनात्मक सफलता के बाद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की संभावना है, जबकि दलित वर्ग की चर्चित नेता और पूर्व मंत्री अनिता भदेल को भी राष्ट्रीय स्तर पर अवसर दिए जाने की चर्चा है।

**नवीन के लिए बंगाल अहम चुनौती**

नितिन नवीन के सामने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव सबसे बड़ी चुनौती माने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि वे राजस्थान सहित अन्य राज्यों के अनुभवी नेताओं को बंगाल चुनाव में सक्रिय भूमिका सौंप सकते हैं, जहां बड़ी संख्या में मारवाड़ी समुदाय निवास करता है।

**नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष को दिया राजस्थान आने का निमंत्रण**

राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद दिल्ली में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित राजस्थान के वरिष्ठ नेताओं ने नितिन नवीन को शुभकामनाएं दीं और राज-स्थान आने का निमंत्रण भी दिया। आगामी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले नितिन नवीन के राजस्थान दौरे की संभावना जताई जा रही है।

**निकाय-पंचायत चुनावों से पहले राजस्थान आ सकते हैं नितिन नवीन**

सूत्रों के मुताबिक, आगामी निकाय और पंचायत चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राजस्थान दौरे पर आ सकते हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार वह यहां प्रदेश बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे और संगठन को चुनावी दिशा देने के उद्देश्य से राज्य का दौरा करेंगे।

## कर्तव्य बोध विचार गोष्ठी आयोजित



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा कोटडी के तत्वाधान में कर्तव्य बोध पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारोली में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम का उद्देश्य, शिक्षकों में कर्तव्य बोध,अनुशासन, संगठनात्मक एकता और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृद्ध करने पर चर्चा की गई। उपशाखा मंत्री पुष्पेंद्र कुमार काबरा ने कर्तव्य बोध पखवाड़ा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज की दिशा और दशा तय करने मेंअहम भूमिका निभाते है। कार्यक्रम के अध्यक्ष व्याख्याता अनिल कुमार जाजू ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता, नैतिक मूल्यों और अनुशासन की नींव शिक्षक के कंधों पर टिकी हुई है। शिक्षको को पूरी इमण्डरीव जिम्मेदारी से कार्य करने पर जोर दिया।

वही कोषाध्यक्ष पवन कुमार गगरानी, जिला प्रतिनिधि भवरलाल स्वर्णकार ने भी विचार रखे। वही महावीर गाडरी, प्रभु लाल दरोगा, महावीर मीणा, भंवर लाल बेरवा, आशा लड्ढा, सुशीला मीणा, लक्ष्मी शर्मा, विनोद कुमार, कमलेश धाकड़, कन्हैयालाल साहू, हरि ओम सोनी, भंवर लाल तिवारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

# शहीद हेमू कॉलानी का राष्ट्रहीत में बलिदान याद रखेगा हिन्दुस्तान: विधायक आक्या

### शहादत दिवस पर आयोजित शिविर में हुआ 87 युनिट रक्तदान

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** कम उम्र में देश के लिये अपने प्राणो को न्योछावर कर देने वाले अमर शहीद हेमू कालानी देश के सच्चे सपूत थे। उनके द्वारा राष्ट्हीत में किया गया बलिदान हिन्दुस्तान हमेशा याद रखेगा। इनके जेसे अनेक वीरो द्वारा देश के लिए किए गए बलिदान के फलस्वरूप आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है तथा देश विकास के पथ पर आगे बड़ रहा है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या बुधवार को राजस्थान सिंधी अकादमी जयपुर, पूज्य सिंधी पंचायत चित्तौड़गढ़ व झुलेलाल युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में शहीद हेमू कालानी के शहादत दिवस पर हेमू कालानी पार्क में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित समाजजनो को संबोधित कर रहे थे। शिविर में 87 यूनिट रक्तदान किया गया।



पूज्य सिंधी पंचायत सचिव योगेश भोजवानी ने बताया की शहीद हेमू कालानी के शहादत दिवस पर प्रताप नगर स्थित हेमू कॉलानी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान ''जब तक सूरज चांद रहेगा हेमू तेरा नाम रहेगा, सिंध का शेर हेमू कालानी'' नारो से समूचा पार्क गुंजायमान हो गया।

झुलेलाल युवा सेवा समिति अध्यक्ष जेकी आहुजा व उपाध्यक्ष रवि मलानी के अनुसार इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वालो में जेपी वंगानी, ललित वंगानी, कमल चंचलानी, जॉनी शर्मा, कपिल मलानी, ललित टहलियानी, लक्की जयसिंघानी, बाबु अगनानी, जितेन्द्र बलवानी, सागर नैनानी, सुनील मालानी, मोहन टेकचंदानी, राजकुमार सोनी, अजय आहुजा, भरत देवनानी, जय तुलसानी, जय खटवानी, भानु नेभनानी, आकाश गिदवानी, सागर गांधी, कालू वासवानी, मनोज तुलसानी, कमल असनानी, महेश बबानी, नितेश गिदवानी, सन्नी मंगलानी, नितिन नेभनानी, लक्की तुलसानी, श्याम वंगानी, काव्या गांधी, चंद्रशेखर परियानी, नरेन्द्र सेनी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के साथ अन्य समाज के लोगो द्वारा भी रक्तदान किया गया। अनेक युवाओ ने प्रथम बार रक्तदान कर खुशी जाहिर की। इस दौरान सांवलिया चिकित्सालय के डॉ. रोहित धाकड़ के नेतृत्व में टीम व महाराणा भुपाल आर.एन.टी. चिकित्सालय उदयपुर की टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष कमलेश खटवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दोलत दासानी, जोधराज तनवानी, उपाध्यक्ष वासुदेव भोजवानी, महासचिव शंकर वंगानी, दिपक शर्मा, पण्डित कमलेश शर्मा, विनोद फुलवानी, मनोज भोजवानी, महेश दादवानी, सतीश विधानी, वंदना वजिरानी, सावन शर्मा, सहित बढ़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# सगरवंशी माली समाज भदेसर चौखला की तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

### वीर भगतसिंह स्टेडियम में खेल, अनुशासन और टीमवर्क का उत्सव : आंजना

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

सगरवंशी माली समाज भदेसर चौखला की 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगी सतखंडा माली समाज के तत्वावधान में आयोजित हुई जिसका समापन पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को वीर भगतसिंह स्टेडियम में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक किया गया, जिसमें माली समाज की विभिन्न क्रिकेट टीमों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना का संबोधन समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना रहे। उन्होंने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक मजबूती और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ समाज में आपसी सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। आंजना ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पारितोषिक एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, प्रदीप मदानिया, भंवरलाल माली, वृद्धिचंद माली, भेरूलाल माली, गणेश माली, गोविंद माली, रामकरण माली, शंकर माली, श्यामलाल माली सहित पूर्व पंचायत समिति सदस्य रतन डांगी, कैलाश शर्मा, प्रकाश सालवी, मिठूलाल डांगी, यशवंत डांगी, भेरूलाल गुड़गांव, प्रीतेश सिंघवी, सिद्धार्थ साहू, लक्ष्मीनारायण, धर्मेंद्र लक्षकार, हरि बागवान, किशन महाराज, जयप्रकाश, लोकेश डांगी, शंकर सिंह, गजू राणावत, पूरण, बबलू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## गणेशपुरा ग्राम पंचायत में वार्ड बढ़ाने की मांग

**चित्तौड़गढ़।** गणेशपुरा ग्राम पंचायत में वार्ड बढ़ोतरी की मांग को लेकर बुधवार को समाजसेवी जोगेन्द्रसिंह होड़ा ने पंचायत समिति के विकास अधिकारी को पत्र सौंपा।

होड़ा ने पत्र में बताया कि वर्तमान में गांव नरपत की खेड़ी गणेशपुरा ग्राम पंचायत का गांव है, आरके कॉलोनी तथा करणी विहार कॉलोनी भी नरपत की खेड़ी गांव में ही आते है। लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में इन कॉलोनियों में निवासरत लोग गणेशपुरा, जिंक नगर एवं नरपत की खेड़ी पर मतदान करते है। लेकिन आरके कॉलोनी व करणी विहार कॉलोनी को पंचायत ने वार्ड घोषित नहीं कर रखा है, जबकि यह दोनो ही कॉलोनियां ग्राम पंचायत गणेशपुरा के क्षेत्र में आती है। वार्ड घोषित नहीं किये जाने से इन दोनो कॉलोनियों का विकास भी रूका हुआ है। होड़ा ने विकास अधिकारी को सौपे गये पत्र के माध्यम से आरके कॉलोनी व करणी विहार को वार्ड घोषित कराने की मांग की।

## वैष्णव बनी कांग्रेस महिला मंडल की अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



**सांचौर।** प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा जालौर जिले के सांचौर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर श्रीमती विमला देवी दिनेशकुमार वैष्णव को नियुक्त किया गया, विमला देवी को महिला कांग्रेस की सांचौर ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर परिवारजनों एवं कांग्रेसीयो ने बधाई दी।

## रेल का अमराणा से बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** शंभूपुरा स्थित आदित्य अल्ट्राटेक सीमेन्ट माइन्स से हो रही कई परेशानियों को लेकर रेल का अमराणा के बड़ी संख्या में ग्रामवासियो ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप धरना प्रदर्शन की अनुमति देने की मांग की।

बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि ग्राम रेल का अमराना तहसील व जिला चित्तौडगढ़ के समीप ही आदित्य अल्ट्राटेक सीमेन्ट फेक्ट्री की माईन्स स्थित है उपरोक्त माईन्स पर खनन कार्य से ग्रामवासियो को कई समस्याओ का सामना करना पड रहा है। ग्रामवासियो द्वारा पुर्व में कई बार लिखित में आदित्य अल्ट्राटेक सीमेन्ट फेक्ट्री प्रबन्धक को प्रार्थनापत्र देकर समस्याओ से



अवगत कराया गया किन्तु कोई प्रभावी कार्यवाही नही हुई जिससे ग्रामीणो मे फेक्ट्री प्रबन्धक फेक्ट्री के प्रति काफी रोष व्याप्त है जिससे समस्त ग्रामीण दिनांक 27 जनवरी 2026 को आदित्य सीमेन्ट फेक्ट्री के विरोध में कलेक्ट्रेट चित्तौडगढ पर शान्तिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करना चाहते है जिससे समस्त ग्रामवासी ग्राम रेल का अमराना से अपने निजी वाहन कार, ट्रेक्टर, मोटरसाईकिल लेकर दिन के करीब 1 बजे कलेक्ट्रेट चित्तौडगढ पहुंचेगें व शान्तिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर आदित्य सीमेन्ट फेक्ट्री से हो रही असुविधा के बारे मे जानकारी देकर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सोपेगे, जिस हेतु अनुमति प्रदान की जाना आवश्यक है, साथ ही ग्रामवासी अपनी समस्याओ से जिला कलेक्टर को भी अवगत करवायेगे। फेक्ट्री प्रबन्धक को भी जिला कलक्टर कार्यालय बुलाकर समस्याओ से अवगत कराया जाएगा।

## शंभूपुरा में आज भव्य शोभायात्रा के साथ होगा विराट हिंदू सम्मेलन

स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** शंभूपुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आज गुरुवार 22 जनवरी को आयोजित होगा। सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में होने वाले सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सर्व हिंदू समाज को एक जुट करना, सामाजिक समरसता को सशक्त बनाना, भेदभाव रहित सांस्कृतिक चेतना जागृत करना है। सूरज सुखवाल ने बताया कि प्रातः 12:15 बजे से भव्य शोभायात्रा श्री शनिदेव मंदिर, शम्भूपुरा से निकाली जाएगी जो श्याम बगीची में आकर सम्पन्न होगी। परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री उत्तम स्वामीजी महाराज, योगी राघव नाथ महाराज, रेशमा भुवाजी एवं दुर्गावाहिनी क्षेत्रीय संयोजिका लता पंड्या की पावन उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## सफाई कर्मचारियों को नियमित के बजाय संविदा पर लेना कुठाराघात : जाडावत

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार ने सफाई कर्मचारियों की स्थायी भर्ती प्रक्रिया को संविदा में लेने का बदलाव करने का प्रयास वाल्मीकि समाज पर कुठाराघात है सरकार की नियत साफ नहीं है, पहले भी सफाई कर्मचारीयो की भर्ती के नियमों में बदलाव कर इस प्रकिया को ठप्प कर अब नया नियम बनाने जा रही भजनलाल सरकार वाल्मीकि समाज का शोषण करना चाहती है एक प्रमुख समाचार पत्र के अनुसार 5 साल का कार्य देखकर नियमित करना एक तुगलकी फरमान जैसा है।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी भर्ती मुख्य रूप से नियमित करना ही वाल्मीकि समाज के हित में रहेगा इस



समाज से उनका हक छिना जा रहा है जबकि सफाई कार्य पारंपरिक रूप से वाल्मीकि समाज से जुड़ा है, सरकार स्थायी पदों को खत्म कर संविदा पर भर्ती करना चाहती है, जिससे भविष्य में नौकरी की सुरक्षा नहीं रहेगी राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती में स्थायीकरण और सामाजिक न्याय से जुड़ा है, जिसे वाल्मीकि समाज अपने हितों के खिलाफ देखेगा उन्होंने कहा कि स्थायी भर्ती प्रक्रिया को बहाल किया जाए।

## ब्रह्मा बाबा की पुण्यतिथि को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया



स्मार्ट हलचल | जुरहरा

जिला डीग रेखचन्द्र भारद्वाजः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र जुरहरा में बुधवार को पिताश्री ब्रह्मा बाबा की 57 वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम पिता श्री ब्रह्मा बाबा के चित्र पर माला अर्पित की गई। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी प्रीति बहन ने पिता श्री ब्रह्मा बाबा की जीवन की विशेषताओं को अवगत कराते हुए बताया कि श्री ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को अपना शरीर छोड़ दिया था और उन्हें अव्यक्त हुए 57 वर्ष हो गए हैं। आज भी लगता है कि बाबा हम सभी के साथ हैं। उनका जीवन त्याग व तपस्या वाला था उन्होंने सदैव मातृशक्ति को आगे रखा। कार्यक्रम में कुमारी प्रियंका व भावना ने पिता श्री ब्रह्मा बाबा को समर्पित 'अंबर में है तारे जितने सागर में है पानी याद रखेंगे ब्रह्मा बाबा तेरी अमर कहानी याद रखेंगे ब्रह्मा बाबा तेरी अमर कहानी सरकार पालन के वह दिन कितने प्यारे थे' गीत प्रस्तुत किया। नदबई क्षेत्र से पधारी राजयोगनी ब्रह्माकुमारी संतोष बहन ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा ने मातृशक्ति को सदैव आगे रखा और अपने जीवन में तीन शिक्षाओं की धारणा करने का आह्वान किया। निराकरी, निर्विकार, निरंकारी ब्रह्मा बाबा सदैव त्याग तपस्या कि प्रति मूर्ति थे। उन्होंने सदैव सभी के प्रति समभाव व समानता की भावना रखी। बाबा की नजरों में किसी भी प्रकार का कोई भी भेदभाव न था। इसके बाद कुमारी खुशी ने सुंदर नृत्य के द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी शिवानी बहन व ब्रह्मा कुमार धीरज भाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से धीरज गुर्जर, दरबारी साहू, राजेश शर्मा, दरबारी गौड़, परमलाल सैनी व धर्मसिंह गुर्जर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# षोडश संस्कार भारतीय जीवन परंपरा की वैज्ञानिक व आध्यात्मिक विरासत : दीपक गैरोला

### उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की षोडश संस्कार प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

स्मार्ट हलचल | हरिद्वार

उत्तराखंड संस्कृत अकादमी (उत्तराखंड सरकार), हरिद्वार द्वारा आयोजित षोडश संस्कार प्रशिक्षण कार्यशाला व्याख्यान माला के समापन सत्र में संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखंड शासन के सचिव दीपक कुमार गैरोला मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुश्री रामेन्द्री मंद्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सूर्य



मोहन भट्ट, पूर्व प्राचार्य श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय ने अपने विचार रखे।

मुख्य अतिथि दीपक गैरोला ने कहा कि षोडश संस्कार भारतीय सनातन संस्कृति की ऐसी अमूल्य धरोहर हैं, जिनमें वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों ही दृष्टिकोण समाहित हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि इन संस्कारों की महत्ता को समाज के प्रत्येक वर्ग तक, विशेष रूप से युवाओं तक पहुंचाया जाए, ताकि भारतीय जीवन मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन हो सके।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव प्रो. मनोज किशोर पंत ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रस्तावित उद्बोधन में अकादमी की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप-स्थित विद्वानों ने षोडश संस्कारों के विभिन्न पक्षों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में अकादमी के शोध अधिकारी डॉ. हरीश गुरुरानी, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. राम भूषण बिजल्वाण, डॉ. शैलेन्द्र डंगवाल, डॉ. आनंद मोहन जोशी, डॉ. संतोष विद्यालंकार, डॉ. विद्या नेगी, मनोज शर्मा, आरती रतूड़ी, विम्मी सिंह, मीना राजपूत, योगेश सकलानी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## आईआईएफएल फाउंडेशन के सहयोग से बालिकाओं को स्वेटर - जूते वितरित



**चित्तौड़गढ़।** सृष्टि सेवा समिति के तत्वावधान में भदेसर उपखंड क्षेत्र के होड़ा गणपत खेड़ा एवं चित्तौड़गढ़ गांधीनगर भीलों की झोपड़िया स्थित सखियों की बाड़ी केंद्रों पर आईआईएफएल फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से बालिकाओं को शीत ऋतु से बचाव हेतु स्वेटर, जूते एवं मोज़ों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि चित्तौड़गढ़ ब्लॉक के 44 केंद्रों पर 1303 बालिकाओं को चरणबद्ध रूप से स्वेटर, जूते एवं मोज़े वितरित किए जाएंगे। वितरण कार्यक्रम में भदेसर की उपखंड अधिकारी (एसडीएम) रजनी मीणा, प्रधानाध्यापिका नीलम महाशवरी एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के चित्तौड़गढ़ के पदाधिकारी बी.एस. पंवार, अनिल कुमार राठौर, शिक्षिकाएं ममता भील, भावना गाडरी, अनीता, रुकैय्या बानो एवं बालिकाओं के अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रयागराज के माघ मेले में साधु संतों ने लिया नेत्रदान का महासंकल्प

# कोटा के नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने प्रयागराज माघ मेले में की 300 साधु-संन्यासियों की निःशुल्क नेत्र जाँच

स्मार्ट हलचल|प्रयागराज

पावन धरती पर माघ मेले के दौरान मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर आस्था और सेवा का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। जब संगम तट पर लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे थे, तब कोटा के सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन, लेखक और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ मिलकर भक्ति को मानव सेवा का रूप दिया। प्रयागराज की पावन भूमि पर दिनांक 18 जनवरी को श्री श्री 108 महंत श्री बालक दास जी महाराज के शिविर में आयोजित इस विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं जागरूकता शिविर में सुवि नेत्र चिकित्सालय कोटा के नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय ने लगभग 300 साधु-संन्यासियों और कल्पवासियों का गहन नेत्र परीक्षण किया और उन्हें निशुल्क आई-ड्रॉप्स वितरित किए। इस पावन मौके पर एक अत्यंत भावपूर्ण क्षण तब आया जब डॉ. सुरेश पाण्डेय ने प्रयागराज माघ मेला परिसर खाक चौक के अध्यक्ष पूज्य सतुआ बाबा (महाराज संतोष दास जी) और महाराज गोपालदास जी को अपनी बहुचर्चित मोटिवेशनल पुस्तक जिंदगी का जश्नः सुखद, सफल, और सार्थक जीवन के 101 सुनहरे सूत्र भेंट की, जिसे संतों ने स्नेहपूर्वक स्वीकार कर आशीर्वाद प्रदान किया। नेत्र चिकित्सा शिविर के दौरान मौजूद देश के कोने-कोने से पधारें संत और महात्मा और कल्पवासी और तीर्थ चेतना का लाभ लेने पहुंचें जनसमूह को संबोधित करते हुए



सुवि नेत्र चिकित्सालय, कोटा के वरिष्ठ नेत्र सर्जन एवं निदेशक डॉ. सुरेश पाण्डेय ने मरणोपरांत नेत्रदान करने का संकल्प कराया।

डॉ. सुरेश पाण्डेय ने एक गंभीर चिंता व्यक्त की कि भारत में लगभग 4 करोड़ 95 लाख लोग अंधत्व या गंभीर दृष्टिहीनता के अंधेरे में जी रहे हैं, जो कि वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक आंकड़ों में से एक है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इनमें से 85 प्रतिशत से अधिक अंधापन केवल समय पर जांच और इलाज से रोका जा सकता है। प्रयागराज माघ मेले के अवसर पर एक्सा पैरेंटल लिमिटेड की पूरी टीम, श्री सुमित अग्रवाल, श्री मनीष दुबे, श्री नितिन द्विवेदी और अभिषेक तिवारी द्वारा निःशुल्क आई ड्रॉप का वितरण कर इस पुनीत कार्य में अपना संपूर्ण सहयोग दिया और साबित किया कि करुणा जब कर्म में बदलती है तो चमत्कार होते हैं। डॉ. सुरेश पाण्डेय ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर संगम के तट पर खड़े होकर उन्हें यह गहरा एहसास हुआ कि अगर आस्था मन को राह दिखाती है, तो आंखें जीवन को दिशा देती हैं। इसी भावना के साथ उन्होंने और उनकी टीम ने अंधत्व मुक्त भारत के लिए अपना संकल्प दोहराया। प्रयागराज माघ मेले की आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच यह शिविर केवल एक नेत्र चिकित्सा जागरूकता एवं नेत्रदान महासंकल्प शिविर सुविधा नहीं, बल्कि उन नेत्र रोगियों के लिए उम्मीद की एक नई किरण बना जिनके लिए दुनिया धुंधली होती जा रही थी। सेवा ही सबसे बड़ी प्रार्थना है के मूल मंत्र के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन यह संदेश देने में सफल रहा कि जागरूकता, नियमित नेत्र परीक्षण और नेत्रदान महादान के महासंकल्प के माध्यम से भारत से उस उपचार योग्य अंधता को मिटाया जा सकता है जिसे रोका जाना संभव है।

## फर्जी मार्क शीट मामले में पूर्व सरपंच को न्यायालय चौमहला ने किया दोषमुक्त

स्मार्ट हलचल

**चौमहला।** चर्चित फर्जी अंकतालिका मामले में 9 साल बाद कोर्ट का फैसला आया है। ग्राम पंचायत रनायरा की पूर्व सरपंच गुड्डी बाई को न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया है।

2015 में चुनाव जीतने के बाद गुड्डी बाई पर श्रीमती सोनू पुत्री रामचंद्र विश्वकर्मा निवासी देवरिया कावल ने फर्जी तरीके से 8 वीं की अंकतालिका पेश करने का आरोप जरिए इस्तगासा 156(3) लगाया था। गंगधार थाने में धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज हुआ था।

आरोप था कि तथ्यों को छुपाकर और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ा गया। संपूर्ण ट्रायल होने के बाद चौमहला के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने साक्ष्यों की कमी और संदेह का लाभ देते हुए पूर्व सरपंच और एक अन्य आरोपी को बरी कर दिया है।

## डीएनटी समुदाय के आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ मामलों को वापस लेने की मांग




स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** ज्ञापन में बताया कि पाली जिले के बलराई में डीएनटी जन आंदोलन के बाद सरकार और डीएनटी संघर्ष समिति के बीच 5 दिसंबर, 2025 को लोगों के खिलाफ दायर 78 मामलों को वापस लेने के लिए एक समझौता हुआ था हालाकी सरकार ने वार्ता में हुए समझौते का पालन न करके डीएनटी समुदाय के साथ विश्वासघात किया है इस सरकार के विश्वासघात का एक स्पष्ट प्रमाण यह है कि गुडा एंडला पाली पुलिस ने 17 जनवरी, 2026 को बलराई आंदोलन में शामिल 6 लोगों को गिरफ्तार किया।

इस लोकतंत्र में डीएनटी समुदाय के प्रति सरकार की इस प्रकार की दमनकारी नीति अत्यंत निंदनीय है सरकार की इस दमनकारी नीति के कारण पूरे डीएनटी समुदाय में भारी आक्रोश है।

यदि 78 लोगों के खिलाफ मामले वापस नहीं लिए गए तो आने वाले दिनों में राजस्थान भर में डीएनटी जातियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे ज्ञापन देते वक्त राष्ट्रीय पशुपालन संघ के नगर अध्यक्ष वासुदेव देवासी, किशोर देवासी, ओमकारनाथ, एडवोकेट भावेश देवासी, ओबाराम, मोतीराम, जामताराम, नरसाराम, गोदाराम, जवानाराम, मलाराम, श्रवण कुमार, ठाकरनाथ, गोपाल, नरसीराम, महेंद्र, मेसाराम सहित डीएनटी समूह के लोग उपस्थित थे!

## कस्बे में 7 फरवरी को हिन्दू सम्मेलन का होगा आयोजन, तैयारियां हुई शुरू



स्मार्ट हलचल|लाखेरी

कस्बे में बुधवार को मंशापूर्ण गणेश जी को आयोजन समिति ने विधिवत रूप से निमंत्रण पत्र देकर हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी 7 फरवरी 2026 को कस्बे में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन की सफलता एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 24 जनवरी 2026 (शनिवार) को शाम 4:00 बजे मांडूपा बालाजी परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा समाज की सक्रिय भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयोजकों द्वारा विशेष रूप से हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है। आयोजकों का कहना है कि समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही यह हिंदू सम्मेलन ऐतिहासिक और सफल बनेगा।

## गाँव-गाँव जाकर वितरित किए जा रहे सुपोषित किट—उच्छमा मीणा

### भाजपा सीमलिया मंडल में 'सुपोषित माँ अभियान' के तहत पोषण किट वितरण

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से संचालित सुपोषित माँ अभियान के अंतर्गत भाजपा सीमलिया मंडल में कुपोषित गर्भवती महिलाओं को लगातार पोषण किट उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री एवं सांगोद विधायक हीरालाल नागर इस अभियान को लेकर विशेष रूप से संवेदनशील हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि क्षेत्र की प्रत्येक गर्भवती महिला तक शुद्ध एवं आवश्यक पोषण पहुँचे। भाजपा मंडल अध्यक्ष उच्छमा मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को सीमलिया मंडल की ग्राम पंचायतों– चौमा मालियान, भांडाहेड़ा, रेलगांव, भौंरा,



गड़ेपान, बंबोरी, सीमलिया एवं पोलाईकला–में कुपोषित गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गईं। भाजपा एसटी मोर्चा के महामंत्री भीमराज मीणा ने कहा कि क्षेत्र की हर गर्भवती माँ का स्वास्थ्य उत्तम रहे, इसके लिए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर निरंतर प्रयासरत हैं। इसी का परिणाम है कि आज बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएँ सुपोषित माँ अभियान से जुड़ रही हैं और उनके चेहरों पर संतोष एवं खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ एवं सुपोषित बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा महामंत्री भीमराज मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में आनंदीलाल मालव, मंडल महामंत्री जवाहरलाल मीणा, मांगीलाल नागर, आशीष शर्मा, बुद्धिप्रकाश मीणा, देव मेहर, पन्नालाल मालव, दीपक मेहरा, बंटी राठौर, राहुल प्रजापत, निखिल मालव (आईटी सेल संयोजक) सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में सिंह द्वार लोकार्पण, अखंड पाठ आरंभ



स्मार्ट हलचल|कोटा

श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर विकास समिति की ओर से सेक्टर-1 व 2, रंगबाड़ी योजना स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हो रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को प्रातः 10.15 बजे श्री रामचरितमानस अखंड पाठ के आरंभ एवं सिंह द्वार के लोकार्पण के साथ हुआ।

अध्यक्ष प्रमोद कुमार गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर परिसर को पुष्पमालाओं एवं आकर्षक धार्मिक सजावट कर। विधिवत पूजन-अर्चन, हवन एवं मंत्रोच्चार के बीच सिंह द्वार का लोकार्पण किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा आतिशबाजी भी की गई।

अखंड रामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति 22 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रातः 10.15 बजे संपन्न होगी। इसके पश्चात प्रातः 11.15 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक हवन-पूजन एवं जयकारों का आयोजन किया जाएगा। सायं 4.15 बजे से 7.00 बजे तक श्री सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या आयोजित होगी। अंत में महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

इस पावन अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गर्ग, महामंत्री रामपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष अधीर कुमार दुबे, उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, रामस्वरूप यादव सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य कन्हैयालाल भदौरिया, सुरेश कुमार नागदा, लीलाधर चौधरी, दिवाकर प्रसाद, बाबूलाल मीणा, पी.सी. पारीक, तेजसिंह राठौड़, छीतरमल चौधरी, नरोत्तम खंडेलवाल, महेश चित्तौड़ा, भीमसिंह, बलराजसिंह, हंसराज नागर, भुवनेश शर्मा, हेमराज शर्मा, राधेश्याम नागर, कमलेश नागर, बाबूलाल चौधरी, परमानंद नागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थत रहे।

## राजकीय कला महाविद्यालय रोड मामला गरमायाः छात्रों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ, केडीए ने 10 दिन में कार्य शुरू करने का दिया आश्वासन

स्मार्ट हलचल|कोटा

राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा में मुख्य सड़क से नवीन भवन तक बनने वाली सड़क का मामला एक बार फिर गरमा गया है। टेंडर स्वीकृत होने के बावजूद केडीए द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किए जाने से नाराज छात्रों ने एनएसयूआई के नेतृत्व में केडीए एवं जिला प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया।

छात्र नेता रिद्धम शर्मा ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से महाविद्यालय के छात्र सड़क सुविधा से वंचित हैं। पहले बजट की कमी बताई जा रही थी, जिसके बाद छात्रों के प्रयासों से कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल



के माध्यम से 10 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कराया गया। बजट स्वीकृत हुए छह माह बीत जाने के बावजूद अब तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 10 दिनों में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो वे भूख हड़ताल और दंडवत यात्रा जैसे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए केडीए प्रशासन हरकत में आया और ठेकेदार को तुरंत कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए पत्र जारी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य रोशन भारती ने यह पत्र छात्रों को सौंपते हुए उन्हें कार्य शीघ्र शुरू होने का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ छात्र नेता मोहित कुमार, एनएसयूआई पाटन नगर अध्यक्ष पीयूष शर्मा, रोहित मेघवाल, यशराज, हंसवी, नेहा मंसूरी, सुमित सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू, छात्र छात्राएं कर रहे अभ्यास



स्मार्ट हलचल|चौमहला

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारी में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाने के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनारी में छात्र छात्राओं ने पीटी परेड एवं शारीरिक व्यायाम प्रदर्शन के अभ्यास में भाग लिया।

शारीरिक शिक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों को सामूहिक अभ्यास कराया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। अभ्यास के दौरान बच्चों को पंक्तिबद्ध खड़े होकर हाथों के व्यायाम, ड्रिल एवं परेड का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के संस्था प्रभारी रामरूप गुर्जर ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पीटी परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की सामूहिक प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम की सफलता हेतु अनुशासन समिति व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुनील शर्मा, सीमा छानवाल, गिरिराज वर्मा एवं नींबू सिंह मुंजासर द्वारा व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करते हुए कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं बाल अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**चित्तौड़गढ़।** युवा दिवस के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को सामाजिक रूप से जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, बाल अधिकारों एवं साइबर सुरक्षा व पोक्सो एक्ट की विस्तृत जानकारी दी गई तथा नियमों का पालन करने के महत्व से अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कम्युनिटी पुलिसिंग के निर्देशों की पालना में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डीएसपी यातायात शिवप्रकाश हरगन के सुपरविजन में सहायक नोडल अधिकारी प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट प्रभारी सुनिता गुर्जर द्वारा बुधवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शहर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेंती में जाकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों की जानकारी, साईबर सुरक्षा एवं बाल अधिकार, बाल संरक्षण और पोक्सो एक्ट के प्रति जागरुक किया। उन्हें सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, साइबर अपराधों से बचाव तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय पर संबंधित विभाग को देने के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों तथा बच्चों की सुरक्षा हेतु उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही युवा दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं जागरूकता संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## भारत ने चुनावी तैयारियों के लिए नेपाल को भेंट किए 60 पिक-अप वाहन

स्मार्ट हलचल |काठमांडू

भारत ने एक बार फिर एक 'अच्छे पड़ोसी' का फर्ज निभाते हुए नेपाल को उसके आगामी आम चुनावों के लिए बड़ी मदद भेजी है। भारत ने नेपाल में पांच मार्च को होने वाले चुनावों के लिए 20 जनवरी को नेपाल सरकार को 60 पिक-अप गाड़ियां और अन्य आवश्यक चुनावी सामग्री तोहफे में दी हैं। भारत कुल मिलाकर 650 गाड़ियां और अन्य जरूरी सामान देने वाला है। यह 60 गाड़ियां उसी मदद का पहला हिस्सा हैं।

काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के प्रभारी डॉ. राकेश पांडे ने नेपाल के गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल को ये खेप सौंपीं। भारतीय दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नेपाल सरकार ने चुनाव




के लिए भारत से सहायता मांगी थी। भारत ने जो गाड़ियां और सामान दिया है, वह उसी मांग को पूरा करने के लिए है।

भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल ने उपहार में दी गई गाड़ियों और सामान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने भारत और नेपाल के बीच संबंधों की गहरी और व्यापक प्रकृति की भी सराहना की।

दूतावास ने कहा नेपाल सरकार के अनुरोध पर भारत 2008 से नेपाल को चुनाव से संबंधित सहायता प्रदान कर रहा है। इसमें लगभग 2,400 गाड़ियां शामिल हैं, जो भारत सरकार द्वारा नेपाल में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, जिसमें चुनाव आयोग भी शामिल है, को उपहार में दी गई हैं। आगामी चुनावों के लिए, भारत द्वारा प्रदान की गई सहायता में लगभग 650 गाड़ियां शामिल हैं, जिन्हें अगले कुछ हफ्तों में अलग-अलग बैचों में पहुंचाया जाएगा।

बता दें कि भारत अपनी 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत विभिन्न क्षेत्रों में नेपाल की निरंतर सहायता करता रहा है। भारतीय पक्ष से चल रहा सहयोग और समर्थन न केवल दोनों देशों के बीच मौजूद बहुआयामी और बहु-क्षेत्रीय विकास साझेदारी का एक उपयुक्त प्रतिबिंब है, बल्कि यह भारत और नेपाल के लोगों के बीच गहरे आपसी विश्वास और दोस्ती का भी प्रतीक है।

## मनरेगा को बंद करना गरीबों के साथ अन्याय-रमीला मेघवाल

स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत आज बुधवार को भीनमाल विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भीनमाल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत आज निंबावास गांव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव जालौर कांग्रेस कमेटी की प्रभारी सुमन यादव भीनमाल के लोकप्रिय विधायक डॉ समरजीत सिंह राठौड़ और जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष रमिला मेघवाल की उपस्थिति में मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत गरीब लोगों के लिए कांग्रेस सरकार के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी के द्वारा चालू की गई मनरेगा योजना को भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने



पर उसके खिलाफ बैठक आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया गया प्रभारी महासचिव सुमन यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है गरीब लोगों के लिए इस सरकार ने सारे रास्ते बंद कर दिए हैं मनरेगा के तहत लोगों को मिलने वाले रोजगार को बंद करके लोगों के साथ कुठाराघात किया है। भीनमाल विधायक डा समरजीत सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और कांग्रेस सरकार के द्वारा चालू की गई योजनाओं को बंद करने का काम किया जा रहा है जिससे गरीब लोगों के रोजी-रोटी का भी संकट खड़ा हो गया है भाजपा सरकार लोगों को रोजगार देने की बात तो दूर और मनरेगा जैसी योजना को भी बंद कर दिया जिससे गरीब लोगों के लिए घर चलाना भी बड़ा मुश्किल हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा गरीबों के साथ अन्याय पूर्वक नरेगा को बंद करने पर कांग्रेस पार्टी हर बूथ और हर गांव ढाणी तक इस बात को पहुंचाएगी और आम लोगों को जागरूक करके आने वाले पंचायत और नगरीय चुनाव में भाजपा सरकार को जबरदस्त झटका देने की बात कही ।। इस जन आंदोलन में महंत श्री अमृत नाथ जी महाराज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवसिंह, पूर्व प्रधान देराम बिश्नोई, युवा कांग्रेस नेता गणपत ढाका जिला सचिव दिनेश बंजारा, गजे सिंह कावतरा, रिडमल सिंह राठौड़, तोलसिंह, पताराम देवासी, पूनम सिंह, हरि सिंह, अमराराम मेघवाल शिवनाथ सिंह, जबरसिंह आदि कहीं जन आंदोलन करता उपस्थित थे ।

# वतन पर मर मिटा टोंक के दौलतपुरा का लाल: नम आँखों से शहीद भंवर लाल को दी अंतिम विदाई, बेटे ने दी मुखाग्नि

स्मार्ट हलचल



**घाड/दूनी।** छत्तीसगढ़ की माटी की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले ष्ट्क्क्र इंस्पेक्टर भंवर लाल मीणा बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। जब शहीद का पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटकर उनके पैतृक गांव दौलतपुरा पहुंचा, तो हर आंख नम थी और हर जुबान पर एक ही नारा था– 'जब तक सूरज चांद रहेगा, भंवर लाल तेरा नाम रहेगा।'

### शहादत को सलाम: गांव बना छावनी

मंगलवार सुबह छत्तीसगढ़ के ओरा जिले में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए इंस्पेक्टर भंवर लाल की देह जैसे ही सेना के वाहन से गांव पहुंची, माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। सरोली मोड़ से लेकर घाड़ कस्बे तक हजारों युवाओं ने बाइक रैली निकालकर 'भारत माता की जय' के नारों के साथ शहीद की अगवानी की। रास्ते भर लोगों ने छतों से पुष्प वर्षा कर अपने लाडले सपूत को अंतिम विदाई दी।

बेसुध परिजन, फिर भी गर्व से ऊंचा रहा सिर।घर के आंगन में जब तिरंगे में लिपटा शव पहुंचा, तो शहीद की पत्नी और बच्चे बेसुध हो गए। परिजनों का करुण क्रंदन सुन वहां मौजूद हर व्यक्ति का कलेजा मुंह को आ गया। लेकिन इस दुख की घड़ी में भी ग्रामीणों के चेहरों पर गर्व था कि उनके गांव के बेटे ने देश की सेवा में प्राण न्यौछावर किए हैं।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।शमशान घाट पर सीआरपीएफ की 65वीं बटालियन के जवानों ने शस्त्र उल्टे कर और हवाई फायर कर अपने जांबाज साथी को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इसके बाद छोटे बेटे धीरज मीणा ने भारी मन से पिता की चिता को मुखाग्नि दी।

बड़ी घोषणाएं और उपस्थित गणमान्य अंतिम संस्कार में देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, नरेश मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। विधायक गुर्जर ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए घोषणा की कि: गांव के राजकीय विद्यालय का नाम अब शहीद भंवर लाल मीणा के नाम पर होगा। गांव के मुख्य स्थल पर शहीद की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से परिवार को हर संभव आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

श्रद्धांजलि: शहीद भंवर लाल मीणा का जाना केवल एक परिवार की हानि नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। टोंक की माटी अपने इस वीर सपूत की शहादत को युगों-युगों तक याद रखेगी।अंतिम संस्कार में सीआरपीएफ बटालियन अधिकारी अभिषेक जोरवाल टीम के जवान, घाड थानाधिकारी हरिराम वर्मा, एएसआई जगदीश जाट, हैड कांस्टेबल भेरूलाल, देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, भगतसिंह सेना के सुप्रीमो नरेश मीणा, दूनी तहसीलदार विनोद शर्मा, देवली प्रधान बनवारी जाट, पूर्व सरपंच भँवर लाल रोझ दूनी, पूर्व उप प्रधान रमेश भारद्वाज घाड आदि ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।शहीद जवान की शव यात्रा में गौरव सेनानी कैप्टन पूर्ण वीर सिंह, कैप्टन रामसागर, सूबेदार शिवराज, प्रहलाद, हवलदार छोटूलाल, गोपाल, दिकर, घासी लाल, रामनिवास सहित अन्य सेनानी, चन्दवाड सरपंच प्रतिनिध हेमराज मीणा सहित कई जन प्रतिनिधियों, राजकीय कार्मिक , अधिकारी, अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी घाड सहित कई सामाजिक संगठनों आदि के लोग मौजूद रहे।अंतिम संस्कार पर विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने भी गहरा खेद प्रकट कर सोकसंतप्त परिवार को सांत्वना देकर ढाढस बंधवाया तथा सैनिक कल्याण बोर्ड से शहीद के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने गांव की स्कूल का नाम शहीद के नाम करवाने तथा उनकी प्रतिमा लगाने के लिए सरकार व मुख्यमंत्री को अवगत कराने का भरोषा दिया।साथ ही नरेश मीणा ने भी घटना को चिन्ताजन बताते हुये ऐसी घटना आगे से नही होने व शहीद जवान को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी तथा परिजनों व शहीद जवान के बच्चों पत्नि को सांत्वना प्रकट कर ढाढस बंधवाया।घटना को लेकर घाड सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छाया रहा शव यात्रा में मौजूद हर व्यक्ति ने शहीद जवान को नम आंखों से अंतिम विदाई देकर श्रद्धांजलि दी तो युवाओ ने शव यात्रा में भारत माता, जय हिन्द शहीद अमर रहे के नारों से घाड कस्बा सहित गांव भारी शोक में छा गया।

# विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर किया प्रचार प्रसार



स्मार्ट हलचल

हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिन्दू समाज द्वारा सनातन संस्कृति,सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। खण्ड जमवारामगढ़ के फुटोलाव मण्डल में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर सदस्यों द्वारा फुटोलाव,सरपुरा, रिक्शा, ईश्वरसिंहपुरा में प्रचार प्रसार किया गया। वीर तेजाजी महाराज मंदिर फुटोलाव परिसर में आयोजित होगा कार्यक्रम ।

विराट हिन्दू सम्मेलन के दौरान कलश यात्रा निकाली जायेगी उसके बाद सम्मान समारोह व आशीर्वचन तथा प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलश यात्रा उदय नाथ जी मंदिर फुटोलाव से श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर फुटोलाव तक निकाली जायेगी। इस विराट हिन्दू सम्मेलन में भाग लेने के लोगों को जागरूक किया गया और सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आह्वान किया।

इस दौरान चन्द्र प्रकाश शर्मा भौण्डाखेडा, जितेंद्र शर्मा भौण्डाखेडा, दीपचंद जैन, ओमप्रकाश शर्मा, कृष्ण जाट, रामकरण शर्मा, लोकेश शर्मा,गोपाल खारवाल, हनुमान सहाय,अजय पांचाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सदारा में रेगर समाज का भव्य सत्संग, विधायक गौतम ने की सामुदायिक भवन की घोषणा

### गुरु महिमा के संग सामाजिक सौगात

स्मार्ट हलचल



**सावर(अजमेर)।** समीपवर्ती ग्राम सदारा में बीती रात रेगर समाज द्वारा बाबा रामदेव मंदिर परिसर में भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहपुरा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ थड़ोली-टोडारायसिंह से पधारे संत किशनलाल सुवासिया ने गणेश वंदना एवं मंगलाचरण के साथ किया। कृष्णापुरी किशनगढ़ से आए संत बन्नालाल दोलिया ने गुरु महिमा पर आधारित भजन 'गुरु सम दाता न जगत के माय...' की भावपूर्ण प्रस्तुति देते हुए कहा कि गुरु बिना भेदभाव के मानव को कल्याण का मार्ग दिखाता है, जिससे मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है।

सत्संग समारोह में सभापति का दायित्व जोजर (भीलवाड़ा) से आए संत रामलाल गढ़वाल को सौंपा गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो सत्संग सुनकर गुरु के बताए मार्ग पर चलकर पापकर्मों से मुक्ति पाकर ईश्वर के निकट पहुंच सकता है।

कार्यक्रम के दौरान सांपला से आए नन्हे गायक भावेश व मीनाक्षी वर्मा ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रोतागण भावविभोर होकर झूम उठे।

इस अवसर पर विधायक शत्रुघ्न गौतम ने समाज की एकता पर बल देते हुए रेगर समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की और समाज के प्रति हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अध्यक्षता कर रहे नरेंद्र कुमार रेगर ने कहा कि शिक्षा ही समाज की उन्नति की कुंजी है, शिक्षित समाज ही सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनता है।

कार्यक्रम में रेगर महासभा अजमेर जिला अध्यक्ष गुदड़मल जगरवाल, भीलवाड़ा सांसद प्रत्याशी मोतीलाल सिंघानिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी महावीर कांसोटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कांसोटिया, समाजसेवी सुमित वैष्णव सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों का सत्संग समिति द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। सत्संग में संत फूलचंद बच्छैतिया (देवली), संत रामबाबू (मालपुरा), भंवरलाल मंडोलिया (किशनगढ़), संत भादूराम मांडोलाव, संत सूरजमल सुकरिया (हरड़ा) सहित अनेक संत-महात्माओं ने गुरु, ईश्वर एवं भक्ति महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दीं। अंत में ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर पुजारी दुर्गालाल नोगिया व सभापति संत रामलाल गढ़वाल ने आरती प्रस्तुत कर प्रसाद वितरण किया।

# आप का राजस्थान में पंचायत, वार्ड स्तर तक जनसंपर्क अभियान: पार्टी का दावा: 'हमें सत्ता नहीं, जनता का भरोसा चाहिए'

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** आम आदमी पार्टी (आप) राजस्थान में पंचायत और वार्ड स्तर तक जनसंपर्क अभियान चला रही है। ब्यावर में पार्टी नेताओं ने कहा है कि उनका लक्ष्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि जनता का भरोसा जीतना है। आप साफ और ईमानदार मुद्दों पर आधारित राजनीति करने का दावा कर रही है।

### पार्टी के अनुसार, इस अभियान के केंद्र में आमजन से जुड़े

बुनियादी सवाल हैं। इनमें हर परिवार को बिजली और पानी में राहत, युवाओं को रोजगार, सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारना, पेपर लीक पर सख्त रोक और सरकारी अस्पतालों में सभी के लिए बेहतर इलाज शामिल हैं। पार्टी नेताओं ने बताया कि 'डिग्री नहीं, नौकरी' और 'मेहनत का हक, सिफारिश नहीं' जैसे नारों के साथ युवाओं और छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाया जा रहा है।

आप ने मौजूदा राजनीतिक माहौल पर चिंता व्यक्त की है। पार्टी का आरोप है कि देश और प्रदेश में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उनके अनुसार, जब सवाल पूछना गुनाह बन जाए और सवाल करने वालों को चुप करा दिया जाए, तो लोकतंत्र कमजोर होता है।

पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि आज सच्चाई बोलने वाला अक्सर अकेला नजर आता है, क्योंकि सत्ता को सवाल नहीं, शोर पसंद है। उनका मानना है कि चुनाव मुद्दों पर नहीं, बल्कि माहौल बिगाड़ने की राजनीति पर जीते जा रहे हैं।

आम आदमी पार्टी ने देश की संपत्तियों के कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटने पर भी चिंता जताई। उन्होंने नदियों के निजीकरण से लेकर हवा पर टैक्स जैसी चर्चाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। पार्टी का कहना है कि कागजों में नागरिक होने के बावजूद आम आदमी को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

धर्म के नाम पर वोट मांगने की राजनीति पर निशाना साधते हुए पार्टी ने कहा कि वोट काम के नाम पर मांगे जाने चाहिए। आम आदमी पार्टी का दावा है कि वह देश की एकमात्र पार्टी है जो 'काम देखो, फिर वोट दो' की राजनीति करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि वे गारंटी देकर चुनाव लड़ते हैं और गारंटी पूरी करके दिखाते हैं। अंत में पार्टी ने जनता से आह्वान किया कि अब वक्त ईमानदार राजनीति का है और आम आदमी पार्टी को मौका देने का है, ताकि लोकतंत्र, जवाबदेही और जनहित की राजनीति को मजबूत किया जा सके।

# खेलो इंडिया पश्चिम जोनल योगासन लीग में सलूजा निर्णायक

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्यावर जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि योग प्रशिक्षक श्रीमती जसमीत कौर सलूजा का चयन खेलो इंडिया पश्चिम क्षेत्र योगासन जोनल लीग में निर्णायक (जज) के रूप में किया गया है। इस उपलब्धि पर जिला कलक्टर कमल राम मीना ने जसमीत कौर सलूजा को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

रायपुर स्थित श्री अग्रसेन धाम में 16 से 18 जनवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता में जसमीत कौर सलूजा ने अपनी उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता से खिलाड़ियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष एवं सटीक मूल्यांकन किया। इस पश्चिम जोनल लीग में देश के लगभग 8 राज्यों की महिला एथलीटों ने सहभागिता की। जसमीत कौर सलूजा ने बताया कि उन्हें योग की प्रेरणा बाल्यावस्था में पतंजलि महिला योग समिति, अजमेर की जिला प्रभारी परमजीत कौर दुआ से मिली। उन्होंने हरिद्वार से मुख्य योग शिक्षिका का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्तमान में वे महिला पतंजलि योग समिति, ब्यावर की जिला प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, अजमेर एवं ब्यावर सहित राजस्थान के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रशिक्षण शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान किया है। उनकी योग्यता, अनुभव एवं सतत प्रशिक्षण के आधार पर ही उन्हें खेलो इंडिया जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छठी राज्य स्तरीय योगासन जज प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेकर जज-रेफरी के लिए नवीन सॉफ्टवेयर तकनीक, कोड ऑफ पॉइंट के अनुसार विभिन्न इवेंट्स की माइक्रो मार्किंग प्रणाली का भी गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जसमीत कौर सलूजा की यह उपलब्धि न केवल ब्यावर बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है तथा युवा खिलाड़ियों एवं योग प्रशिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

# मेड़ता रोड में तेज़ गति से चल रहा आरओबी निर्माण कार्य, वाहन चालकों को मिलेगी बड़ी राहत

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है। यह आरओबी मेड़ता सिटी रेलवे फाटक से लेकर बाईपास फाटक तक बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

मेड़ता रोड से जारोड़ा मार्ग पर लगातार तीन रेलवे फाटक पड़ते हैं। इन फाटकों पर ट्रेन आने-जाने के दौरान लंबे समय तक फाटक बंद रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। खासकर सुबह और शाम के समय यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता था, जिससे स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

आरओबी निर्माण के बाद इन रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। वाहन चालक बिना रुके सुगमता से आवागमन कर सकेंगे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। इसके साथ ही आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी निर्बाध मार्ग मिलेगा।

निर्माण कार्य में लगी एजेंसी द्वारा आधुनिक तकनीक और पर्याप्त संसाधनों के साथ कार्य किया जा रहा है, जिससे परियोजना को तय समयसीमा में पूरा किया जा सके। स्थानीय प्रशासन भी निर्माण कार्य की नियमित निगरानी कर रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आरओबी बनने से न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि मेड़ता रोड और आसपास के इलाकों के विकास को भी गति मिलेगी। व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह ओवरब्रिज बेहद उपयोगी साबित होगा।

आरओबी निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद मेड़ता रोड क्षेत्र को वर्षों पुरानी यातायात समस्या से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सांवलियाजी के दर्शन किए

**मण्डफिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने भगवान श्री सांवलिया जी के दर्शन किए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री पांडेय को मंदिर पुजारी ने तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। साथ ही मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव ने पूर्व मंत्री पांडेय का उपरना ओढ़ाकर, भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मंदिर बोर्ड सदस्य पवन तिवारी व मंदिर कर्मचारी उपस्थित थे।

# आर्म्स एक्ट में एक आरोपी गिरफ्तार

**राशमी।** पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सहायक उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र जाखड़ ने बताया कि अभय कमाण्ड से सूचना मिली कि नंगपुरा में एक युवक अपने पड़ोसी के साथ झगड़ा कर रहा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तो हरि सिंह पुत्र किशन सिंह रावत तलवार लेकर झगड़ा कर रहा था।

# उकरूंद मे दो दिवसीय सुड्डा दंगल के समापन पर विधायक ने की शिरकत



स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के समीप ग्राम पंचायत उकरूंद के मीन भगवान मंदिर पर आयोजित हुए दो दिवसीय विशाल सुड्डा दंगल समापन समारोह कार्यक्रम में बुधवार को मुख्य अतिथि महवा विधायक राजेंद्र मीणा पहुंचे। जहां कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा फूल बरसाकर माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिसे लेकर गांव मे पुलिस प्रशासन के पुख्ता इंतजाम दिखाई दिए। नीरज मीणा ने बताया कि 13 जनवरी को मदनदास महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया। जहां कथा के समापन को भव्य रूप देने के लिए ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां कर मंगलवार को गांव में दो दिवसीय सुड्डा दंगल का विशेष आयोजन किया गया, जो क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दंगल में सुड्डा गायको की अनेकों नामी पार्टियां अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिनके बीच रोचक मुकाबला देखने को मिले। इस दौरान सुड्डा दंगल कार्यक्रम के समापन पर प्रदेश के महवा विधायक राजेंद्र मीणा अतिथि के रूप में शिरकत की। जहां राजनेताओं के आगमन और दंगल की लोकप्रियता को देखते हुए प्रशासन और मंदिर कमेटी ने सुरक्षा व बैठक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। उन्होंने बताया कि महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित इस वार्षिक उत्सव को लेकर ऊकरूंद सहित पूरे मंडावर क्षेत्र में भारी उत्साह बना हुआ है।

# श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रस्ताव पारित: श्री सीमेंट मजदूर संघ 'मनरेगा बचाओ' पोस्टर किया जारी, आंदोलन की रूपरेखा तय

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** राष्ट्रीय श्री सीमेंट मजदूर संघ की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की कथित श्रमिक विरोधी नीतियों तथा श्रम कानूनों में बदलावों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, आगामी आंदोलन की रूपरेखा भी तय की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अध्यक्ष किशोर चौधरी मुख्य मेहमान के रूप में शामिल हुए, जबकि महेंद्र चौहान विशिष्ट मेहमान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने की।

कार्यसमिति ने अपने प्रस्ताव में कहा कि नए श्रम कानूनों से मजदूरों के अधिकार कमजोर हुए हैं। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिक प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा, रोजगार स्थायित्व और न्यूनतम अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मुख्य मेहमान किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों का लगातार विरोध कर रही है। उन्होंने मनरेगा से जुड़े हालिया निर्णयों को भी मजदूर विरोधी बताया, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका पर सीधा असर पड़ने की बात कही।

राजस्थान इंटक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां मजदूरों पर सीधा कुठाराघात हैं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंटक वर्षों से कांग्रेस पार्टी का मजबूत स्तंभ रहा है और ग्रामीण व औद्योगिक क्षेत्रों में कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ा रहा है।

बैठक में श्रमिक अधिकारों को लेकर व्यापक जन-जागरण अभियान चलाने और आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई, ताकि सरकार पर जनदबाव बनाया जा सके। कार्यक्रम को ब्यावर विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी मनोज चौहान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. एस.सी. जैन, ओबीसी प्रकोष्ठ महासचिव महेंद्र चौहान, ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, भुवनेश शर्मा, शैलेश शर्मा सहित अनेक कांग्रेस नेताओं एवं श्रमिक प्रतिनिधियों ने संबोधित किया।

इस अवसर पर मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में इंटक कांग्रेस द्वारा कड़ा रोष व्यक्त किया गया। साथ ही 'मनरेगा बचाओ' पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन में किशोर चौधरी, दिनेश शर्मा, मनोज चौहान, अशोक रांका, महेंद्र चौहान (सरपंच बर), डॉ. एस.सी. जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# युवक को बंधक बना मारपीट कर हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार

**गंगरार।** पुलिस ने बेट्री व टायर चोरी आदि के झूठे आरोप लगा बंधक बना भीलवाड़ा जिले के एक युवक की हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे घटना में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन जब्त किये गए हैं।

गत 14 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम से थाना गंगरार पर सूचना मिली कि महात्मा गांधी अस्पताल चौकी जिला भीलवाड़ा में शंकर सिंह (22) पुत्र भगवान सिंह रावणा राजपूत निवासी मंगरोप जिला भीलवाड़ा को रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने महादेव होटल संचालक व अन्य व्यक्तियों द्वारा को रात्रि को बंधक बना लिया व उस पर बेट्री - टायर चोरी आदि के झूठे आरोप लगाकर गम्भीर मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने अनुसंधान करते हुए प्रकरण में लिप्त कन्हैयालाल (30) पुत्र लक्ष्मण अहीर, श्यामलाल (26) पुत्र मांगीलाल सालवी, सत्य नारायण (28) पुत्र उदयराम गुर्जर व कानाराम (22) पुत्र प्रभुराम जाट निवासी होडू थाना सिणधरी जिला बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनसे घटना में प्रयुक्त हथियार तथा वाहन भी जब्त कर लिए है।

# केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर मूल स्वरूप को किया नष्ट

## सूरौठ में मनरेगा बचाओ अभियान के तहत केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने दिया धरना

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

मनरेगा बचाओ अभियान के तहत केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ बुधवार को सूरौठ कस्बे के गांधी स्मारक मैदान में कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर हाथों में लेकर प्रदर्शन कर 3 घंटे तक धरना दिया। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीब, मजदूर एवं किसान विरोधी नीतियां अपनाते हुए मनरेगा को कमजोर कर रही हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर इसमें कई जनविरोधी चेंज किए हैं जो की देश की जनता को बिल्कुल स्वीकार नहीं है। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि सुबह 11:00 से 2:00 तक चले इस धरने के मुख्य अतिथि कांग्रेस के हिंडौन विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मावई एवं कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शरदो गुर्जर मौजूद रहीं। अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान शिवराज मीणा ने की। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस के हिंडौन विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा योजना में कांग्रेस के समय में जो गारंटी दी गई थी उसे खत्म कर रही है एवं योजना को



ब्लैक आउट कर रही है इसके साथ ही इस योजना में पहले केंद्र सरकार की 100% राशि की हिस्सेदारी हुआ करती थी लेकिन अब 40% राशि राज्य सरकार को बहन करनी होगी। केंद्र की भाजपा सरकार की यह मनमानी हम बिल्कुल नहीं चलने देंगे। इसलिए 3 जनवरी से शुरू यह जन जागृति अभियान पूरे देश एवं प्रदेश में 29 जनवरी तक चलेगा। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मावई ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा के मूल स्वरूप को नष्ट कर दिया है अब तक यह गरीबों के जीवन का सुरक्षा कवच हुआ करती थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव शुक्ला, पूर्व प्रधान शिवराज मीणा, कांग्रेस महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष शरदो गुर्जर ने कहा कि वोट चोरी से ये लोग सत्ता पर काबिज हो गए हैं जो की नाम परिवर्तन कर जनकल्याणकारी योजना को बंद कर जनविरोधी योजनाएं शुरू कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजीव शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी बत्तू मेंबर, ब्लॉक प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, मोहर सिंह सैनी, विश्राम मीणा, वेद प्रकाश शर्मा, धर्म सिंह मीणा पटेलपुरा, हरि सिंह सूबेदार, ओम प्रकाश शुक्ला, केदार मीणा, पुरुषोत्तम बंसीवाल, कमलेश महावर, श्याम सुंदर सैनी, बृजेश भारद्वाज, राहुल मीणा, रिंकू मीणा, जगदीश भांकर धंधावली, रामप्रताप पाराशर, कल्ला खान, नवाब खान, प्रेम राज मीणा, मगन मीणा, अतर मीणा, दिलीप महावर, गौरव सिंघल, भगवान सिंह भुकरावली, मनोज मावई, ओमप्रकाश समाधिया, राकेश शुक्ला सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने में सूरौठ के कांग्रेसियों ने कांग्रेस के हिंडौन विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर को गेहूं की बाल की पौध भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

## रास्ते में जलभराव की समस्या से आमजन परेशान, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

तहसील क्षेत्र के गांव खातीपुरा के आम रास्ते में गंदे पानी का जमाव होने के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में खातीपुरा निवासी सत्यनारायण शर्मा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जलभराव की समस्या का समाधान करवाने की मांग की है ज्ञापन में आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने ग्राम पंचायत की ईंटों वाली सड़क को उखाड़कर, उस पर अवैध रूप से मिट्टी और मोरम डालकर ऊंचा कर दिया है। इस अनियोजित निर्माण के कारण पहले से बनी हुई जल निकासी की नाली पूरी तरह अवरुद्ध हो गई है। पुरानी नालियों के बंद होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क ऊंची होने से



सत्यनारायण के घर के सामने गंदा पानी जमा होकर तालाब का रूप ले चुका है। यह न केवल राहगीरों के लिए मुसीबत बना है, बल्कि ठहरे हुए गंदे पानी में पनप रहे जहरीले मच्छर गंभीर बीमारियों को दावत दे रहे हैं।

## 111 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल | बानसूर

नारायणपुर में बुधवार को 111 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी करीब 1411 महिलाओं ने ऐतिहासिक चौगान मंदिर से सिर पर कलश धारण कर यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख बाजारों से गुजरते हुए पुरुषोत्तम दास आश्रम स्थित यज्ञ स्थल पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा, रंगोली और भव्य स्वागत द्वारों के माध्यम से यात्रा का स्वागत किया। महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज ने बताया कि कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ है। महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगा तथा रोजाना विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस दौरान जनार्दन दास महाराज,रिछपाल दास महाराज त्रिवेणी,बलराम दास महाराज, तुलसीदास, श्योरामदास ,विदुषी बाई संत, कथा वाचक सुनीता,राजेंद्र रैगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष,महेश सैनी,मातादीन पूर्व प्रधान, हीरालाल धाभाई, रामकरण धाभाई,राजू कुमावत,कल्लू ग्वारिया, गिरधारी गुर्जर,देशराज गिराठी,रणजीत कसाना, संतोष रैगर, रतन जांगिड़, भैरु रैगर,कमलेश चौहान, राकेश चौधरी, महेश यादव, बजरंग सैनी सहित अन्य संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिससे पूरे नारायणपुर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## पेपरलीक की घटनाओं को रोकने के लिए एकमत हो राजनीतिक दल -राठौड़

### आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ रहे जिले के दौरे पर

स्मार्ट हलचल

**भेरुन्दा।** बुधवार को आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ जिले के एकदिवसीय दौरे पर रहे। ग्राम भेरून्दा के बस स्टैंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में राठौड़ का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। वें जायल के दुगोली जाते समय यहां कुछ देर के लिए रुके थे। इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में पेपरलीक करने वाला एक संगठित आपराधिक गिरोह है। यह युवाओं के भविष्य से जुड़ा मामला है इसलिए आरोप प्रत्यारोप लगाना किसी भी सूरत में न्याय संगत नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पेपरलीक की घटनाओं को रोकने



के लिए एक मत होना चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को जेल भेजे जाने के के प्रश्न पर राठौड़ ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह आए दिन गलत बयानबाजी करते रहते हैं।

वह खुद के साथ पार्टी की छवि भी धूमिल कर रहे हैं। उनको शिक्षा मंत्री के पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। गुजरात, यूपी, बिहार जैसे राज्यों में भी पेपर लीक की घटनाएं हुई। ऐसे में किसी राजनीतिक दल को टारगेट बनाकर दुष्प्रचारित करना सही बात नहीं है। पेपरलीक की समस्या गंभीर विषय है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने तो पेपरलीक की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कानून भी बनाया था। पेपर लीक में शामिल लोगों को जेल भेजा गया, नौकरी से बर्खास्त किया गया एवं माफियाओं की अवैध संपत्ति ध्वस्त की गई। यह मामला सीधे तौर पर युवाओ एवं जनता से जुड़ा हुआ है। भविष्य में अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पेपर लीक की देशव्यापी समस्या का हल निकालने पर विचार किया जाएगा। जिससे युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। एसआईआर के आखिरी दिनों में भरे गए फॉर्म 7 को लेकर बड़ा आरोप लगाया।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस समर्थक मुस्लिम और दलित वोटरों के नाम को टारगेट कर फॉर्म भरे गए हैं। नाम को लेकर आपत्ति जताने वाले फॉर्म फर्जी हैं। बीएलए के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने आपत्ति वाले सभी नामों के फॉर्म सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। अगर नाम हटाने में भेदभाव नहीं किया जा रहा है तो फार्मों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी किसी भी सही वोटर का नाम कतई कटने नहीं देगी। लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कोर्ट की सहायता ली जाएगी। इस दौरान पूर्व पार्षद हेमंत सिंह जोधा, मण्डल अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह बनवाड़ा, घनश्याम सारड़ा, दिलीप सिंह, अजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुबान देशवाली, शैतान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरी बॉक्सर के घर पंजाब पुलिस की दबिश

स्मार्ट हलचल | बानसूर

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरी बॉक्सर से जुड़े एक मामले में पंजाब पुलिस नें बानसूर क्षेत्र में हरि बॉक्सर के पैतृक गांव पहुंचकर पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिम संचालक को दी गई धमकी के एक मामले में जांच के लिए बुधवार कों फाजिल्का-अबोहर पुलिस की जांच टीम बानसूर के चतरपुरा गांव पहुंची, जहां टीम ने हरी बॉक्सर के घर



दबिश दी और परिजनों से पूछताछ की। इसके साथ ही हरी बॉक्सर के रिश्तेदारों के घर रामपुर गांव में भी पूछताछ की गई। डीएसपी रैंक अधिकारी के नेतृत्व में तीन गाड़ियों में पहुंची पुलिस टीम ने मामले को लेकर अहम जानकारियां जुटाई।

## संस्कार शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन




स्मार्ट हलचल

**बाड़मेर।** रानी रूपादे संस्थान बाड़मेर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय संस्कार शिविर के प्रचार-प्रसार के तहत सोमवार को पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह लूणसिंह झाला द्वारा संस्कार शिविर के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

इस अवसर पर लूणसिंह झाला ने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे संस्कार शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। ये शिविर बच्चों एवं युवाओं को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जीवन के सही मार्ग से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त समाज ही राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव रखता है। साथ ही आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील की।

संस्थान के प्रदेश पदाधिकारी रणजीतसिंह बुल ने बताया कि यह तीन दिवसीय संस्कार शिविर 23 जनवरी से 25 जनवरी तक रानी रूपादे संस्थान बाड़मेर में आयोजित किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को संस्कार, अनुशासन, समाज सेवा, नैतिक शिक्षा एवं जीवन मूल्यों पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य नई पीढ़ी में संस्कारों का विकास कर उन्हें समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

उन्होंने बताया कि शिविर में बच्चों व युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बौद्धिक, शारीरिक एवं चारित्रिक विकास से जुड़े सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया और अधिक से अधिक युवाओं को शिविर से जोड़ने की बात कही।

इस दौरान रतनसिंह डाभड़, रावत सिंह खारिया, विक्रमसिंह खारिया एवं छगनसिंह सिणली जागीर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरों पर



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती गांव जारोड़ा में आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह का माहौल है। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 26 जनवरी के आयोजन की तैयारियां पूरे जोरों पर चल रही हैं। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राएं परेड एवं सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन का नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त किया जा रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं अपने-अपने कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

विद्यालय परिसर में मंच की साजो-सज्जा का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जिससे कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारोड़ा गांव में सामूहिक रूप से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के विद्यालयों एवं ग्रामीणजन की भागीदारी भी रहेगी।

विद्यालय प्रशासन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन सफल और यादगार बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## पिंकसिटी प्रेस क्लब में डी.के. सैनी को भावभीनी श्रद्धांजलि, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने याद किया उनका जिंदादिल व्यक्तित्व

### वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट डी.के. सैनी के निधन से पत्रकार जगत शोकाकुल, प्रेस क्लब में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब प्रबंधन कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट दिनेश कुमार सैनी (डी.के.) के आकस्मिक निधन पर बुधवार को प्रेस क्लब परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकार साथियों ने उनके जिंदादिल व्यक्तित्व, सरल स्वभाव और समर्पित पत्रकारिता को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव मुकेश चौधरी ने कहा कि डी.के. सैनी का असमय जाना प्रेस क्लब परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वे एक नेकदिल, मेहनती और सभी से अपनापन रखने वाले इंसान थे। प्रेस क्लब परिवार इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ खड़ा है और हर संभव सहयोग किया जाएगा।

श्रद्धांजलि सभा में युवा एवं खेलकूद मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सैनी को याद करते हुए कहा कि वे बेहद उर्जावान और कर्मठ पत्रकार थे। उन्होंने दिल्ली में साथ काम



करने के दिनों को याद करते हुए कहा कि डी.के. सैनी अपने काम के प्रति बेहद समर्पित थे। मंत्री राठौड़ ने सैनी के परिवार को हर संभव आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

विधायक गोपाल शर्मा एवं भाजपा नेता रवि नैय्यर ने भी सैनी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके सरल, सहज व मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना करते हुए परिजनों को सहयोग देने की बात कही।

दिनेश कुमार सैनी लंबे समय तक फोटो जर्नलिस्ट के रूप में सक्रिय रहे। उन्होंने कई वर्षों तक विभिन्न मंत्रीगण एवं राजनेताओं के साथ काम करते हुए अपनी उत्कृष्ट फोटोग्राफी से पहचान बनाई। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ भी उन्होंने फोटो जर्नलिस्ट के रूप में कार्य किया था। उनका कैमरा समाज और राजनीति के हर महत्वपूर्ण पल को सहेजने वाला साक्षी रहा।

श्रद्धांजलि सभा में प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने शब्दों में डी.के. सैनी को याद करते हुए उनके जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव मुकेश चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, परमेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, अनिता शर्मा, निखलेश कुमार शर्मा, उमंग माथुर, विकास आर्य, संस्थापक सदस्य जगदीश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष एल.एल. शर्मा, नीरज मेहरा, अभय जोशी, पूर्व महासचिव ललित शर्मा, हरीश गुप्ता, रोशन लाल शर्मा, रामेन्द्र सोलंकी, पूर्व उपाध्यक्ष भागरीथ, सुनील शर्मा, संतोष शर्मा, विजेन्द्र जायसवाल, दिलीप सिंह, राहुल भारद्वाज, पूर्व कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर सहित वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, शंकर शिखर, प्रदीप सिंह, डॉ. मिथलेश जैमिनी, योगेन्द्र शर्मा, निखिल शर्मा, अरविन्द शर्मा, दिनेश डाबी एवं बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## 16वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



स्मार्ट हलचल | बानसूर

उपखंड के हरसौरा कस्बे में हरसौरा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 16वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। प्रतियोगिता में हरसौरा सहित आसपास के क्षेत्रों की 15 से अधिक टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। टूर्नामेंट में लीग व नॉकआउट आधार पर मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि फाइनल मुकाबला 26 जनवरी को आयोजित होगा। फाइनल में विजेता टीम को 15 हजार रुपये नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 6100 रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में रमेश अंबावत, भाजपा नेता नितिन यादव, राहुल अंबावत, छगाराम सैनी, महेश प्रधान, अनिल शर्मा, उदमी राम, वरुण सैनी और राम मित्तल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया।

# सैफई में 'हमारा आंगन - हमारे बच्चे उत्सव' संपन्न हुआ

स्मार्ट हलचल

**सैफई ( इटावा)।** विकास खंड सैफई में आयोजित कार्यक्रम 'हमारा आंगन - हमारे बच्चे' में तीन से छह वर्ष के छात्रों को अधिक से अधिक पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें। सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी के बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा उपलब्ध कराना है।

यह बात ब्लॉक सभागार सैफई में मंगलवार को आयोजित 'हमारा आंगन- हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/



सहायिकाओं व शिक्षकों की है उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है।शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहे बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं।कार्यक्रम में जनपद स्तर के एस आर जी एवं प्री प्राइमरी एजुकेशन के नोडल संजीव चतुर्वेदी ने प्री प्राइमरी एजुकेशन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल है। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया । कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी सैफई एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) इम्तियाज अतहर के द्वारा विकासखंड की सात न्याय पंचायतों से प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच- पांच बच्चों को सम्मान पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों ,शिक्षामित्र एवं ई सी सी एजुकेटर को प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया गया। सम्मानित हुए अध्यापकों में श्रीमती जयंती( सहायक अध्यापिका) प्राथमिक विद्यालय भुजपुरा, प्रियंका (सहायक अध्यापिका) प्राथमिक विद्यालय उद्यमपुर, अमित कुमार (सहायक अध्यापक) कंपोजिट छिमारा,हरगोविंद नायक (सहायक अध्यापक) प्राथमिक विद्यालय उधमपुर ,सौरभ कुमार (सहायक अध्यापक) प्राथमिक विद्यालय रामेत, शमा फातिमा (प्रधानाध्यापक )प्राथमिक विद्यालय किशोंपुर बेनी, होम सिंह (शिक्षा मित्र) कंपोजिट विद्यालय बौराइन, सुमन यादव (शिक्षामित्र) प्राथमिक विद्यालय वैदपुरा एवं अनीता ( आंगनवाड़ी कार्यकत्री) कंपोजिट विद्यालय हरदोई, उमा कांति (आंगनबाड़ी कार्यकर्ती) प्राथमिक विद्यालय कांटिहार, माधवी ( आंगनबाड़ी कार्यकत्री) कंपोजिट विद्यालय वियरी भटपुरा और इसी क्रम में शोभा शाक्य (ईसीसी एजुकेटर) कंपोजिट विद्यालय लाड़मपुर, कल्पना (ईसीसी एजुकेटर) प्राथमिक विद्यालय लरखोर, सौम्या चौहान ( ईसीसी एजुकेट) कंपोजिट विद्यालय सैफई, सुरेंद्र सिंह ( ईसीसी एजुकेटर) कंपोजिट विद्यालय छिमारा को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देते हुए सम्मानित किया गया।

इस दौरान नोडल संकुल शिक्षक समेत सभी प्री प्राइमरी नोडल शिक्षक , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम निपुण भारत मिशन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, पूर्व-प्राथमिक और बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने, बच्चों में जागरूकता बढ़ाने, और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में आयोजित किया जाने वाला एक उत्सव और अभियान है, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ मिलकर छोटे बच्चों (3-6 वर्ष) को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ा जाता है, उनके कौशल का विकास किया करना है। और 'निपुण' बच्चों को सम्मानित किया जाता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com